आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

हर घर तिरंगा

वर्ष : 26 | अंक : 233 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 14 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

बांग्लादेश की आज 1947 जैसी स्थिति : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर कांग्रेस पर बोला बड़ा हमला

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विभाजन विभीषका स्मृति दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में आज जो हो रहा है वह 1947 में हुआ था। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान का या तो भारत में विलय होगा या फिर हमेशा के लिए इतिहास से समाप्त हो जाएगा। महर्षि अरविंद ने 1947 में ही घोषणा करते हुए कहा था कि आध्यात्मिक जगत में पाकिस्तान की कोई वास्तविकता नहीं है।

विभाजन विभीषका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब आध्यात्मिक जगत में किसी का वास्तविक स्वरूप नहीं है तो उसको नष्ट ही होना है। उसकी नस्वरता को हमें संदेह की निगाह से नहीं देखना चाहिए. हमें यह मानना चाहिए कि यह होगा, लेकिन इसके लिए हमें भी तैयार होना होगा. हमें अपनी उन गलतियों का परिमार्जन करना होगा, जिन गलतियों के कारण विदेशी आक्रांताओं को भारत के अंदर घुसने और भारत के पवित्र तीर्थ स्थलों को तोड़ने और भारत की अखंडता और संस्कृति को नष्ट करने का अवसर देने प्राप्त हुआ था। उस प्रकार की गलतियों को और विभाजन की त्रासदी, जोकि जाति विभाजन और क्षेत्रीय विभाजन-भाषायी विभाजन के रूप में हैं, उन सबसे उबरकर हम लोगों को राष्ट्र प्रथम के तर्ज पर काम करना होगा।

योगी ने कहा कि आज डेढ़ करोड़ हिंदू आज बांग्लादेश के अंदर चिल्ला-चिल्लाकर अपनी जान बचाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन दुनिया का मुंह बंद है। देश के सेक्युलरिस्ट का मुंह बंद है क्योंकि यह कमजोर हैं. इनको लगता है कि इनका वोट बैंक खिसक जाएगा। वोट बैंक की चिंता है, लेकिन मानवीय संवेदना इनकी मर चुकी है. मानवता की रक्षा के लिए उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकलने वाला है क्योंकि इन्होंने आजादी के बाद उसी प्रकार की राजनीति को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है. उसको लेकर के आगे बढ़ते रहे हैं। यह लगातार बाटों और राज करो की राजनीति के तहत देश के अंदर कार्य करते रहे हैं।

लखनऊ में 'विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा' निकाली

सीएम योगी ने विभाजन विभीषका दिवस पर कहा कि विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' के आत्मीय भाव से परिचित कराने वाली हमारी भारत मां को आज ही के दिन 1947 में निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए विभाजन की त्रासदी की ओर ढकेला गया था। उन्होंने कहा कि यह मात्र देश का विभाजन नहीं, बल्कि मानवता का विभाजन था। इस अमानवीय निर्णय से असंख्य निर्दोष नागरिकों को अपने प्राण गंवाने पड़े. विस्थापन का दंश झेलना पड़ा, यातनाएं सहनी पड़ीं. इस अमानवीय त्रासदी में बलिदान हुए सभी निर्दोष नागरिकों को आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर विनम्र श्रद्धांजलि।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा' निकली। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। इसमें त्रासदी का दंश झेलने वालों की पीड़ा बयां थी। लोकभवन में पहुंचने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

क्राइम फाइल

न्यू हॉलैंड कंपनी के पास मोबाइल लूटा

नोएडा (चेतना मंच)। न्यू हॉलैंड कंपनी के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसका मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने थाना दादरी में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मोबाइल लूट का मामला दर्ज कराया है। ग्राम बरौला में रहने वाले अंकित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ईकोटेक-3 क्षेत्र में स्थित टोयो इंक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता है। 1 अगस्त की दोपहर को वह घर से कंपनी के लिए जा रहा था। न्यू हॉलैंड कंपनी के पास कच्ची सड़क पर उसे दो बदमाशों ने रोक लिया और लूटपाट शुरू कर दी। उसने जब विरोध किया तो दोनों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। वहीं थाना सेक्टर-20 में एक मीडियाकर्मी ने अपना मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट थाना सेक्टर-20 में दर्ज कराई है। मीडियाकर्मी आशुतोष ओझा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 10 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर पुलिस ने दो गांजा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 2 किलो गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम बादलपुर गांव के पास की सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बादलपुर की तरफ से आ रही बाइक पर सवार दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस ने देर रात घूमने का कारण पूछा तो दोनों युवक सकपका गए। संदेह के आधार पर उनके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम अनीश पुत्र जान मोहम्मद वह रियाजुल पुत्र नजरू निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से गांजे की बिक्री में संलिप्त हैं।

महिला से मारपीट

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-24 में एक महिला ने मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने दो महिलाओं व एक पुरुष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गिझौड़ गांव में रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर से ब्लाउज देने के लिए टेलर के पास गई थी। इस दौरान बीना शर्मा उसके बेटे सतीश उर्फ मोनू व बहू ज्योति शर्मा उसके साथ गाली गलौज कर झगड़ने लगे। उसने जब इस बात का विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी आए दिन उसके साथ गाली-गलौज कर उसे धमकाते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

मेट्रो ट्रेन में महिला अधिवक्ता के साथ गंदी हरकत

महिला के शोर मचाने पर भीड़ ने पकड़ा

नोएडा (चेतना मंच)। महिलाओं के सफर के लिए सुरक्षित समझी जाने वाली मेट्रो ट्रेन में अब महिलाएं सुरक्षित नहीं है। मेट्रो ट्रेन में एक महिला अधिवक्ता के साथ मनचले युवक ने छेड़छाड़ की। महिला अधिवक्ता ने साहस दिखाते हुए मनचले का विरोध किया और लोगों की मदद से उसे दबोच लिया। महिला अधिवक्ता ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

पटियाला हाउस न्यायालय दिल्ली में अधिवक्ता कोमल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 अगस्त की सुबह उसके पति उसे सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर ड्रॉप कर चले गए। वह सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ट्रेन में चढ़ी। इस दौरान भीड़ अधिक होने के कारण वह गेट के पास खड़ी हुई थी। उनके पास खड़े एक युवक ने गलत तरीके से उन्हें छूना शुरू कर दिया। युवक की हरकतें यहीं पर नहीं थमी और उसने उनसे **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

बाइक सवार को रौंदा

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के महामाया फ्लाईओवर के पास अनियंत्रित ट्रक के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी अस्पताल में मौत हो गई। डीडीए फ्लैट कालकाजी दिल्ली निवासी राजू सेक्टर-81 स्थित डीएचएन टेक्नोलॉजी कंपनी से अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। महामाया फ्लाईओवर के ढलान पर तेज गति में आ रहे ट्रक का चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने राजू की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घायल राजू को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक की बेटी एडवोकेट भावना ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

नामी ई-कॉमर्स कंपनियों में एड चलवाने के नाम पर बड़ा खेल

सेक्टर-63 में फर्जी कंपनी का खुलासा, 21 गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। अमेजॉन, अलीबाबा, मंत्रा व नायका जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के नाम से फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर लोगों के साथ फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का थाना सेक्टर-63 पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में 16 पुरुष व पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पिछले काफी समय से ई-कॉमर्स कंपनियों की सोशल साइटों पर विज्ञापन चलवाने के नाम पर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे थे। थाना सेक्टर-63 पुलिस से कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि उनके साथ ठगी की घटना की गई है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने व्यवसाय का प्रमोशन करने के लिए सेक्टर-63 की एक कंपनी में संपर्क किया था। कंपनी के कर्ताधर्ता ने उन्हें अमेजॉन, नायिका, मंत्रा तथा अलीबाबा जैसी नामी ई-कॉमर्स कंपनियों की सोशल साइट पर उनके विज्ञापन करने का आश्वासन दिया था। इसकी एवज में बाकायदा उन्हें ई-कॉमर्स कंपनियों के नाम से फर्जी एग्रीमेंट भी बना कर दिया गया। आरोपी ने बताया कि उनका नामी गिरामी कंपनियों के साथ टाईअप है। एडवरटाइजिंग के नाम पर पैसे लेने के बाद आरोपियों ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात की तो पता चला कि उनका किसी भी कंपनी के साथ कोई टाइअप नहीं है। इसके बाद पुलिस ने सेक्टर 63 के सी ब्लॉक में छापा मार कर 21 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में 16 पुरुष में पांच महिलाएं शामिल हैं।

चोरी की बाइक के साथ तीन दबोचे

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है इनके पास से तमंचा, कारतूस, चाकू, चोरी की चार बाइक व तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। एडीसीपी नोएडा मनीष मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर-24 पुलिस गश्त पर थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हरिदर्शन तिराहे के पास से कुणाल मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी खोड़ा कॉलोनी, नितिन उर्फ ऋतिक पुत्र भगवान सिंह निवासी खोड़ा कालोनी तथा पंकज पुत्र प्रदीप निवासी घडोली डेरी फार्म मयूर विहार फेस 3 दिल्ली को गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके पास से एक तमंचा, कारतूस, चाकू चोरी की चार बाइक व 3 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपियों ने वाहन व मोबाइल चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

दामादों ने ससुराल में की तोड़फोड़

दहेज में नहीं मिली फॉर्च्यूनर कार और 20 लाख रुपये

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दहेज में फॉर्च्यूनर कार और 20 लाख रुपए न मिलने से गुस्साए दो युवकों ने अपनी ससुराल में जमकर हंगामा किया। दोनों युवकों ने अपनी पत्नी व ससुराल वालों के साथ मारपीट कर जमकर तोड़फोड़ की। अपने दामादों की इस हरकत से परेशान ससुर ने उनके खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम मिल्क खटाना निवासी मनोज (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी दो बेटियों की शादी ग्राम नरौली निवासी प्रशांत और निशांत नागर के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही दहेज के लिए उनकी दोनों बेटियों को ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। शादी के कुछ समय बाद ही निशांत नागर, प्रशांत नागर, सास ओमवती, ससुर इंद्रजीत, नंद राखी, रविता, नंदोई राहुल आदि उनकी बेटियों पर मायके से फॉर्च्यूनर कार और 20 लाख रुपए लाने का दबाव बनाने लगे। दोनों लड़कियों ने इस बारे में जब उन्हें बताया तो उन्होंने कई बार अपने दामादों को समझने का प्रयास किया। लेकिन उनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया।

मनोज के मुताबिक 3 अगस्त को उनका दामाद प्रशांत उनके घर पहुंचा और उनकी बेटी के साथ बदतमीजी करने लगा। कुछ ही देर बाद उनका दूसरा दामाद निशांत, राहुल, रविता सहित कई अन्य लोग भी उनके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो सभी लोगों ने परिजनों के साथ मारपीट कर घर में जमकर तोड़फोड़ की। शोर-शराबा सुनकर **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

सेना से रिटायर्ड एडमिरल से साइबर ठगी

फोन पर कस्टमर केयर नंबर सर्च कर फंसे

नोएडा (चेतना मंच)। साइबर ठगों ने नोएडा में रहने वाले भारतीय सेना के रिटायर्ड एडमिरल को जालसाजी का शिकार बनाया है। साइबर ठगों के शिकार बने सेना के पूर्व अधिकारी के बैंक से लाखों रुपए निकल गए।

नोएडा के थाना सेक्टर-20 के जलवायु विहार सेक्टर-25 निवासी सेना से रिटायर्ड एडमिरल सुभाष चंद्र आनंद ने एफआईआर दर्ज कराई है कि वह अपने बैंक खाते से फोन पे वॉलेट की धनराशि ट्रांसफर करने का प्रयास कर रहे थे। मनी ट्रांसफर में उन्हें दिक्कत आई तो उन्होंने गूगल पर फोन पे कस्टमर केयर का नंबर तलाशा। गूगल पर उन्हें एक नंबर मिला इस नंबर पर जब उन्होंने कॉल की तो उन्हें एक व्हाट्सएप नंबर दिया गया इस नंबर पर उन्होंने एक घंटा 20 मिनट बात की। इस दौरान उनकी समस्या को दूर करने के लिए कॉलर ने उन्हें कई स्टेप बताएं जिसमें यूपीआई से जुड़ा बैंक खाता डेबिट पिन आदि शामिल था। इसके बाद उनके खाते से 98682 हजार रुपए तथा दोबारा 24997 रुपए डेबिट हो गए। यह रुपए साइबर ठग मेसा पहाड़िया नामक व्यक्ति के खाते में गए।

पीड़ित के मुताबिक उनका सारा पैसा धोखेबाज द्वारा लिंक किए गए बैंक खाते के वॉलेट में गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सेना के पूर्व अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।

नोएडा में संपत्तियों की बढ़ी दरें हुई लागू

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में संपत्तियों की बढ़ी हुई दरें लागू हो गई हैं। नोएडा प्राधिकरण ने नई दरों को लेकर कार्यालय आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि नोएडा में आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत तथा ग्रुप हाउसिंग में संपत्तियों की दरों में 6 फीसदी वृद्धि की गई है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक के मिनट्स आ गए हैं। इसके आधार पर मंगलवार से ही नई दरों पर आवंटन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि व्यावासयिक और कॉरपोरेट ऑफिस के लिए भूखंड की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। बता दे प्राधिकरण ने शहर के सेक्टरों को ए प्लस से लेकर ई श्रेणी में बांट रखा है। कॉमर्शियल सेक्टर में यह श्रेणी ए से डी तक है।

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

आवासीय भूखंड

प्रॉपर्टी श्रेणी	पुरानी दर	नई दर
ए प्लस (14ए,15ए,44 (ब्लॉक ए और बी)	1,7500	17500
ए (14,17,19,30,35,3639,44 (ब्लॉक ए और बी को छोड़कर) 50,51,52,93,93ए,93बी	118240	125340
बी सेक्टर-11,12,15,20,21,22,23,25 से 29,31,32,33,34,37,40,41,46,48,49,53,55,	82420	87370
56,61,62,70 से 78,82,92,100,105,108,122	60020	63620
सी 42,43,45,63ए,104,107,110,118,119,120,121, 128,129, 130,131,133,134,135,137,143,143बी		
144,151,168 डी सेक्टर-86,112,113,116,117	50170	53180
ई सेक्टर-102,115,158,162	45380	48110

ग्रुप हाउसिंग

श्रेणी	पुरानी दर	वर्तमान दर
ए	172680	183040
बी	115130	122040
सी	103620	109840
डी	92120	97650
ई	65250	69170

औद्योगिक सेक्टर, फेज-1

प्रथम श्रेणी	पुरानी दर	नई दर
4000 वर्गमीटर तक	44800	47490
4001 से 20,000 वर्गमीटर	41340	43820
20001 से 60000 वर्गमीटर	37910	40190
60001 से अधिक	34480	36550
आईटी/आईटीईएस	69070	73220

इसी तरह इंडस्ट्रियल सेक्टर के फेज-2 और फेज-3 की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है जिसे आज से लागू कर दिया गया है।

जिओमार्ट के दो कर्मचारियों पर गबन का आरोप

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र में स्थित जिओमार्ट रिलायंस के दो कर्मचारियों के खिलाफ प्रबंधन ने पैसे व जेवरात के गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। रिलायंस स्मार्ट बेस में कार्यरत पवन आसनानी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रामदयाल उनके यहां कैश मैनेजर के रूप में कार्य करता था। वह स्टोर में हुई सेल के चार लाख रूपए लेकर चला गया था। इस इस बात की जानकारी मिलने पर प्रबंधन ने उस पर पैसे जमा करने का दबाव बनाया तो उसने 50000 रूपये जमा कर दिए तथा बाकी के पैसों को उसने 29 जुलाई तक जमा करने का आश्वासन दिया। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

घर के बाहर खड़ी दो बाइक चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा से वाहन चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर चोरी की चार घटनाओं को अंजाम देकर दो बाइक व दो स्कूटी चोरी कर ले गए। ग्राम चौड़ा में रहने वाले वरीस ने थाना सेक्टर-24 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बाइक रात्रि में घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब सोकर उठा तो उसे घर के बाहर से बाइक गायब मिली। चोरी की यह घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning Well Equipped Library GPS Enable Buses

बरसात में मातम

ऊना में एक दर्जन से अधिक मौत के मातम में बरसात के कहर ने हजारों तख्तियों पर चेतावनी लिख दी। बारिश बेशक तबाही के साथ बरसी, लेकिन इसके नीचे हमारा चरित्र बेगुनाह नहीं। हम ऐसा हिमाचल बना रहे हैं, जहां बरसात को हमने खूंखार बना दिया। ऊना की बाढ़ का ही विश्लेषण करें तो हर मौत के किरदार में हमारी प्रगति की मिसालें दोषी बन कर खड़ी हैं। जेजों की खड्ड में इनोवा की ताकत का जनाजा इसलिए निकला, क्योंकि बारिश की चेतावनी पद्धति विकसित नहीं हुई। जान जोखिम पर डालकर परिवहन के प्रति नागरिक लापरवाही का नतीजा है कि खड्ड ने इनोवा की सांसें रोक दीं। दूसरी ओर बाथड़ी खड्ड का रौद्र रूप क्या सिर्फ बरसात का उफान है या हमने इस तरह की त्रासदी को आसान बना दिया। जाहिर है रेत-बजरी से निकलती आर्थिकी ने अपने कुप्रबंधन का शिकार खड्डों में किया। यह विनाश की कोख है जिसमें सिर्फ मौत की चीखों का भयावह परिदृश्य आज अगर बाथड़ी के तटों को ललकार रहा है, तो कल कोई अन्य खड्ड, नाला या कूहल होगी। ऊना के उद्योग परिसर की उत्पादकता ने जिस तरह खड्ड के मुहाने को कंकाल बनाया, उससे निर्माण के खतरों ने बहकना सीख लिया। दरअसल हम बहते पानी पर बादल के फटने की तोहमत के पीछे नुकसान को छुपाना चाहते हैं, जबकि बरसात के लिए विकास का अवाधित तयशुदा प्रस्थान चाहिए। आज बाथड़ी में औद्योगिक चहल-पहल पर बरसात का डाका पड़ा तो यह स्पष्ट हो गया कि वहां का निर्माण कातिल था। कौन सी ऐसी एजेंसी है जो यह बताने में सक्षम है कि कहां की जमीन किस कार्य या गतिविधि के लिए उपयुक्त है। तेज निर्माण को तेज धारा के जल से हमेशा खतरा रहेगा। हमारी जरूरतों का तात्कालिक महत्त्व जिस गति से विकास को आमंत्रित कर रहा है, वहां हमें निर्माण की आचार संहिता लागू करनी चाहिए। पंडोह का कैंची मोड़, रानीताल से गुजरता फोरलेन, खड़ामुख-होली मार्ग पर गिरती चट्टानें और हर निर्माण कार्य की डीपीआर कांप रही है। हमें बरसात से पहले और बारिश के बाद के मुआयनों से सीखना होगा। आश्चर्य यह कि बाढ़ नियंत्रण जैसे कार्यक्रमों पर तवज्जो देते हुए प्रदेश को प्राकृतिक जल प्रणाली के साथ-साथ विभिन्न परियोजनाओं, विकास तथा शहरीकरण की आवासीय व्यवस्था का अध्ययन करते हुए, जल निकास का प्रबंधन करना होगा। हम राजनीतिक कारणों, भूमि की अनुपलब्धता या वनापत्तियों में हो रही देरी के कारण ऐसी भूमि पर कंक्रीट बिछाने की हिमाकत कर रहे हैं, जो बाद में खतरों का ठिकाना साबित हो रहे हैं। जलस्रोतों के आसपास अतिक्रमण और निर्माण की छूट ने पूरे हिमाचल को बरसात त्रासदी के हवाले कर दिया है। ऐसे में हिमाचल में व्यवस्थित निर्माण के लिए टीसीपी कानून को पूरे प्रदेश में अमल में लाना होगा, ताकि शहरी एवं ग्रामीण विकास को नियोजित ढंग से अमल में ला सकें। इसके अलावा निर्माण की आचार संहिता लागू करते हुए पहाड़, पर्यावरण और जल निकास की शर्तों का कठोरता से पालन किया जाए। सरकारी निर्माण की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने की वैधता को पूरा करने के लिए तंत्र सुधारना पड़ेगा।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सज्जनों के बहुत से समूह उस दिन श्री सरयूजी के पवित्र जल में स्नान करते हैं और हृदय में सुंदर श्याम शरीर श्री रघुनाथजी का ध्यान करके उनके नाम का जप करते हैं।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

दरस परस मज्जन अरु पाना। हरइ पाप कह बेद पुराना॥
नदी पुनीत अमित महिमा अति। कहि न सकइ सारदा बिमल मति॥
वेद-पुराण कहते हैं कि श्री सरयूजी का दर्शन, स्पर्श, स्नान और जलपान पापों को हरता है। यह नदी बड़ी ही पवित्र है, इसकी महिमा अनन्त है, जिसे विमल बुद्धि वाली सरस्वतीजी भी नहीं कह सकतीं॥
राम धामदा पुरी सुहावनि। लोक समस्त बिदित अति पावनि॥
चारि खानि जग जीव अपारा। अवध तजें तनु नहिं संसारा॥
यह शोभायमान अयोध्यापुरी श्री रामचन्द्रजी के परमधाम की देने वाली है, सब लोकों में प्रसिद्ध है और अत्यन्त पवित्र है। जगत में (अण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज और जरायुज) चार खानि (प्रकार) के अनन्त जीव हैं, इनमें से जो कोई भी अयोध्याजी में शरीर छोड़ते हैं, वे फिर संसार में नहीं आते (जन्म-मृत्यु के चक्कर से छूटकर भगवान के परमधाम में निवास करते हैं)॥
सब बिधि पुरी मनोहर जानी। सकल सिद्धिप्रद मंगल खानी॥
बिमल कथा कर कीन्ह अरंभा। सुनत नसाहिं काम मद दंभा॥
इस अयोध्यापुरी को सब प्रकार से मनोहर, सब सिद्धियों की देने वाली और कल्याण की खान समझकर मैंने इस निर्मल कथा का आरंभ किया, जिसके सुनने से काम, मद और दम्भ नष्ट हो जाते हैं॥ (क्रमशः..)

भारत के हाथ नहीं आया एक भी स्वर्ण पदक, छह पदक पाकर खुश हैं हम!

पेरिस में ओलंपिक खेलों का समापन हो गया है। भारत के लिहाज से 2024 का यह ओलंपिक खट्टी मीठी यादों वाला कहा जाएगा। देशवासी उम्मीद जता रहे थे कि भारत इस बार दहाई के अंक तक पदक हासिल करेगा। यानी पिछले टोक्यो ओलंपिक में सात पदक से ज्यादा हम पेरिस में जीतेंगे। मगर, अनुमान और भविष्यवाणी हमेशा सही साबित नहीं होते हैं। सबसे बड़ी निराशा तो यह कि हमारे किसी खिलाड़ी अथवा एथलीट ने स्वर्ण पदक नहीं जीता। यह किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है। इस कारण पदक तालिका में भारत काफी नीचे 69 वें स्थान पर रहा। एक भी स्वर्ण पदक मिल जाता तो हम थोड़ा ऊपर दिख जाते। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा से स्वर्ण की पूरी उम्मीद थी लेकिन वह भी रजत पदक ही ला सके। इस प्रतियांगिता का स्वर्ण पदक पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम रहा। इस वजह से पाकिस्तान एक स्वर्ण पदक लेकर पदक तालिका में भारत से ऊपर हो गया।

भारत को कुल छह पदक मिले जिनमें से एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। इसमें हॉकी टीम को मिला कांस्य पदक भी है। हालांकि, पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने स्वर्ण के लिए पूरा जोर लगाया। पर, सेमीफाइनल मुकाबले में जर्मनी से पराजित होने के बाद यह आस भी टूट गई। वर्ष 1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत अभी तक इससे वंचित है। संतोष इसी बात का है कि लगातार दो ओलंपिक टोक्यो और पेरिस में हमारी टीम ने तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक हासिल कर लिया। खाली हाथ लौटने से बेहतर है कि कुछ मिल गया। इसमें कोई शक नहीं कि पूरी भारतीय टीम ने बहुत अच्छी हॉकी खेली। ओलंपिक में 52 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराया। इससे देश भर को सोने की उम्मीद बन गई थी। गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। इस खिलाड़ी ने न जाने कितने गोल बचा कर भारत की जीत में योगदान दिया। यह उनका आखिरी टूर्नामेंट था। चार ओलंपिक खेल चुके श्रीजेश ने अब संन्यास ले लिया है। कसक यह रह गई कि स्वर्ण पदक से उनकी विदाई नहीं हो सकी।

निशानेबाजी में मनु भाकर ने दो पदक जीत कर इतिहास रच दिया। तीसरे पदक से वह चूक गई वर्ना भारत के खाते में एक और पदक जुड़ जाता। पूरा देश आज हरियाणा की इस लड़की पर नाज कर रहा है। भाकर ने शूटिंग में व्यक्तिगत रूप से तो कांस्य जीता ही, सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल की मिक्स्ड स्पर्धा में भी यही सफलता दोहरा दिया। इस स्पर्धा में एक और कांस्य पदक महाराष्ट्र के स्वप्निल कुसाले ने दिलाया। इस तरह भारत को तीन कांस्य पदक तो शूटिंग में ही प्राप्त हो गए।

महिला पहलवान विनेश फोगाट के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने इस ओलंपिक में भारत को बड़ा सदमा दे दिया। पूरा देश इस घटना से हैरान-परेशान है। वह फाइनल मुकाबले से पहले अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहरा दी गई वर्ना एक पदक तो मिलना तय ही था। विनेश ने बड़ी बहादुरी से फाइनल तक का सफर पूरा किया था। मगर, भाग्य ने उसका साथ नहीं दिया। अब उसका मामला खेल पंचाट के सामने है। जिसका निर्णय अब 13 अगस्त को आएगा। विनेश का दावा है कि उसे रजत पदक दिया जाना चाहिए। देश के जाने माने अधिवक्ता हरीश साल्वे ने भी उसकी तरफ से केस लड़ा है। देखना है कि निर्णय क्या आता है। इस बीच विनेश ने कुश्ती से संन्यास का ऐलान भी कर दिया है।

कुश्ती में एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सेहरावत ने पहली बार ओलंपिक में भाग लिया और उसने कांस्य पदक जीत कर देश की लाज रख ली। 21 साल के अमन ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी रहे। अन्य महिला पहलवानो को कोई पदक नहीं मिला।

कुश्ती में एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सेहरावत ने पहली बार ओलंपिक में भाग लिया और उसने कांस्य पदक जीत कर देश की लाज रख ली। 21 साल के अमन ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी रहे। अन्य महिला पहलवानो को कोई पदक नहीं मिला। आखिरी दिन रितिका हुड्डा ने थोड़ी आस जगाई लेकिन क्वार्टर फाइनल में दमखम दिखाने के बाद वह शीर्ष वरीयता प्राप्त किर्गिस्तान की पहलवान से हार गई। उधर, निशा दहिया 68 किलोग्राम वर्ग में चोट के कारण जीता हुआ क्वार्टर फाइनल मैच अंतिम 33 सेकंड में 10-8 से हार गईं। हार के बाद निशा की आंखों से आंसू निकल आए।

भारत के कई खिलाड़ी पदक से इसलिए भी चूक गए क्योंकि वे चौथे स्थान पर रहे। आठ खिलाड़ियों ने मामूली अंकों के साथ तीसरे पर न आकर चौथा स्थान हासिल किया। यदि ये तीसरे नंबर पर आ जाते तो कम से कम कांस्य पदक तो मिल ही जाता। इनमें मनु भाकर, मीरा बाई चानू, दीपिका कुमारी, पीवी सिंधू आदि कुछ नाम शामिल हैं। मुक्केबाजी में देश को कोई पदक नहीं मिला। निकहत जरीन से निराश किया। वहीं, टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बारेगेहान सेमीफाइनल में पराजित हो गई।

यही हाल बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन का रहा। वह निश्चित रूप से पदक जीतने के करीब थे। मगर, दुर्भाग्य से इससे वंचित रह गए। सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद पदक की उम्मीद बन जाती है। कांस्य पदक के लिए प्ले ऑफ के मैच में दुनिया के 22वें नंबर के शटलर लक्ष्य ने बढ़त गंवा दी। मलेशिया के ली जिया ने उन्हें हरा दिया। पीवी सिंधू दो ओलंपिक रियो और टोक्यो में पदक जीत चुकी हैं। लेकिन पेरिस से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पुरुष 3000 मीटर के स्टीपलचेज स्पर्धा में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। उनसे भी पदक की उम्मीद बन गई थी। मगर, बाद में उन्होंने भी निराश किया।

– आदर्श प्रकाश सिंह

आजादी के साथ विभाजन की विभिषिका का दर्द नहीं भूल सकते देशवासी

भारत विभाजन का दौर देश और देश के लोगों के लिए सबसे कष्ट वाला दौर था। अनगिनत लोगों को अपना घर, जमीन सब कुछ छोड़ना पड़ा। और अपने ही देश में शरणार्थी बन कर रहना पड़ा। लूट-पाट और कत्लेआम की भयानक स्थिति ने देश को घेर लिया था। कुछ सत्ता के भूखे लालची लोगों के चलते देश की आजादी के लिए बलिदान हुए शहीदों का सपना अधुरा रह गया। इतने सालों के बाद भी विभाजन में अपने लोगों को खोने वालों का दर्द के किस्से सुनाई दे जाते हैं। ऐसे ही अनगिनत लोगों की याद में प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को यह दिन मनाया जा रहा है।

देश के बंटवारे के दर्ज को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। मानव विस्थापन और पलायन की दर्दनाक कहानी है। उन्हीं लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और पलायन की दर्दनाक कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लाखों लोग एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश रहे थे।

अंग्रेजी सरकार ने जाते जाते गहरी टीस दिया था। ज्ञातव्य हो कि 20 फरवरी, 1947 को

ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने एलान किया कि ब्रिटिश हुकूमत ने 30 जून, 1948 से पहले सत्ता का हस्तांतरण कर भारत छोड़ने का फैसला किया है। हालांकि अंग्रेजों ने जाते जाते भारत और पाकिस्तान के बंटवारे की वह टीस भी दी जिसे आज तक नहीं भुलाया जा सका है। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि 2 जून, 1947 को विभाजन की योजना के आसार नजर आ रहे थे तो वही कुछ नेताओं को इसमें उज्जवल भविष्य नजर आ रहा था। इस इतिहास की एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इसमें अपना हित और उज्ज्वल भविष्य नजर आ रहा था। 4 जून, 1947 को वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने एक ऐतिहासिक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें कोई दिक्कत नहीं है। लोग खुद को स्थानांतरित कर लेंगे। लेकिन विभाजन के चलते लगभग 1.3 करोड़ लोगों को अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापन का शिकार होना पड़ा था। तार-तार हो गया था सामाजिक तानाबाना । यह विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त उस दर्द की भी कहानी है कि कैसे लोगों का वर्षों पुराने सह-अस्तित्व का युग अचानक समाप्त हो गया था। लगभग 60 लाख गैर- मुसलमान उस क्षेत्र से पलायन कर गए जो बाद में पश्चिमी पाकिस्तान बन गया। 65 लाख मुसलमान पंजाब, दिल्ली, आदि के भारतीय हिस्सों से पश्चिमी पाकिस्तान चले गए थे।

इस विभाजन का सबसे दर्दनाक हश्र यह हुआ था कि इस विभाजन के कारण मारे गए थे लगभग पांच से 10 लाख लोग। भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के चलते लगभग 20 लाख गैर मुसलमान पूर्वी बंगाल से निकल कर पश्चिम बंगाल आए । पूर्वी बंगाल बाद में पूर्वी पाकिस्तान बन गया। 1950 में लगभग 20 लाख और गैर मुस्लमान पश्चिम बंगाल आए। लगभग दस लाख मुसलमान पश्चिम बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान चले गए। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा पांच लाख बताया जाता है। लेकिन अनुमान है कि इस विभीषिका में लगभग पांच से 10 लाख लोगों की मौत हुई थी।

भारत विभाजन और पाकिस्तान की मांग मोहम्मद अली जिन्ना ने की थी। भारत विभाजन का वर्णन भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947 में किया गया। विभाजन तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन की देख-रेख में हुआ अत: इसे माउंटबेटन योजना भी कहते हैं। भारत-पाकिस्तान की विभाजन रेखा सर सिरिल रेडक्लिफ द्वारा बनाई गयी। 14 अगस्त को भारत को विभाजित कर एक नया मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान बनाया गया। सांप्रदायिक बटवारे में लोगों के विस्थापन से पूर्व ही नए राष्ट्र निर्माण ने दंगे भड़का दिए। 15 अगस्त को भारत और 14 अगस्त को पाकिस्तान अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है। भारत की यह विनाशकारी स्थिति अंग्रेजों की 'फूट डालो राज करो' नीति का नतीजा था।

– सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

राशिफल

श्रावण शुक्ल पक्ष : नवमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
जुबान अनियंत्रित न करें। पूंजी का निवेश अभी न करें। बाकि स्वास्थ्य ठीक ठाक, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
स्वास्थ्य नरम गरम बना रहेगा। मन चिंतित रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। प्रेम-संतान का साथ व व्यापार बहुत अच्छा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार बहुत अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान ठीक ठाक। व्यापार ठीक ठाक।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
परेशानी रहेगी चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या साथ का मामला हो। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, सो, द)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम ।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम।

सपा ने चलाया सदस्यता भर्ती अभियान

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में नोएडा एक्सटेंशन में कैंप लगाकर लोगों को सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान सैकड़ो शहरवासियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि आज दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही हैं। बढ़ती महंगाई से आम आदमी त्रस्त है। छात्र और नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे है, भाजपा शासनकाल में एक भी भर्ती ऐसी नहीं हुई है जिसमें पेपर लीक न हुआ हो। भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार छात्र और युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है, लोग उत्साहित होकर पार्टी कि सदस्यता ले रहे है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार का जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, नोएडा-ग्रेटर नोएडा शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ, फलैट बायर्स द्वारा पूरा पैसा जमा करने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो पर रही है तथा उन्हें पजैशन नहीं मिल पा रही है, वहीं किसानो को भी अपना हक नहीं मिल रहा है। सरकार जनता की समस्याओं निस्तारण करने के बजाय उसका शोषण करने पर लगी हुई है।

इस मौके पर मुख्य रुप से कार्यक्रम प्रभारी इसरार सोलंकी, पूर्व जिलाध्यक्ष फकीरचंद नागर, जिला महा सचिव सुधीर तोमर, युवजन सभा जिलाध्यक्ष दीपक नागर, मुलयाम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष कुंवर नादिर अली, छात्रसभा जिलाध्यक्ष मोहित नागर, रविंद्र यादव, अवनीश भाटी, अक्षय चौधरी, हैप्पी पंडित, अनिल प्रजापति, प्रशांत भाटी, विपिन सेन अमन नागर, बबली नागर, जितेंद्र अग्रवाल, संदीप प्रजापति, कपिल यादव, संदीप यादव, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

नोएडा (चेतना मंच)। केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, युवा- महिला- जन विरोधी व पूंजीपति हितैषी बजट के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने देशभर में 9 अगस्त 2024 से 14 अगस्त 2024 तक विरोध सप्ताह मनाने का आह्वान किया है। उक्त आह्वान के तहत सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर के कार्यकर्ता जनपद में जगह-जगह बैठक, नुक्कड़ सभा, प्रदर्शन, जनसंपर्क पर्चा वितरण आदि कार्यक्रम कर रहे हैं आज भी मैसर्स वाइब्रो कास्टिक इंडिया लिमिटेड कंपनी फेस- 2, नोएडा सहित कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर कामगारों से इस अभियान में जुड़ने और कार्यक्रम के समापन पर 14 अगस्त 2024 को श्रम कार्यालय सेक्टर- 3, नोएडा पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील किया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिला महासचिव रामसागर ने बताया कि सरकार ने बजट में जनता के इस्तेमाल किए जाने वाली रोजमर्रा चीजों पर सब्सिडी को घटा दिया है इसका मतलब है कि नया बजट लागू होते ही रोजमर्रा की इस्तेमाल होने वाली चीजें जैसे- दाल, चावल, आटा, तेल, दूध, रसोई गैस, नमक, सब्जियां- फल और ज्यादा महंगे हो जाएंगे।

रालोद कार्यकर्ताओं ने किया जयंत चौधरी का स्वागत

नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमिता व शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह का डीएनडी फ्लाईओवर नोएडा पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी व विजेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में नोएडा आगमन पर स्वागत किया गया।

इस मौके पर महेश आर्य राष्ट्रीय सचिव पूर्व एमएलसी, प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी, अजीत दौला, एड इंद्रवीर भाटी, रविंद्र भाटी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका अत्रि, श्रीमती डॉ रेखा चौधरी, श्रीमती हेमा पाठक, हरवीर सिंह तालान, मनवीर भाटी, जोगेंद्र तालान, यशवीर भाटी, निशांत भाटी, नीरज शर्मा, विनीत भाटी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर स्थित थे।

विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन

दनकौर। किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय बिजली की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया दनकौर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित काफी शिकायत मिल रही थी जिसको संज्ञान में लेते हुए संगठन के कार्यकर्ता आज सुबह 11 बजे जिला अध्यक्ष पप्पे नागर के नेतृत्व में दनकौर विद्युत उपकेंद्र पर इकट्ठा हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज आशीष कुमार मौके पर पहुंचे किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित 11 सूत्रीय ज्ञापन जेई मनजीत जयंत को दनकौर विद्युत उपकेंद्र अधिकारी के नाम सौपा अल्टीमेटम देते हुए कहा अगर इन सभी समस्याओं का समाधान 1 महीने में नहीं होता है तो संगठन दनकौर विद्युत केंद्र पर महापंचायत करेगा। ज्ञापन में मुख्य मांग सरकार द्वारा किसने की ट्यूबवेलों के बिल माफ कर दिए हैं उसके बावजूद भी किसानों पर भारी भरकम बिजली बिल के नोटिस भेजे जा रहे हैं तत्काल प्रभाव से सभी को समाप्त किया जाए,किसानों को सिंचाई के लिए 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए, डूब क्षेत्र में ट्यूबवेलों के कनेक्शन दिए जाएं, गांव में कनेक्शन के हिसाब से ट्रांसफार्मर छोटे हैं उन्हें बड़ा किया जाए, लो वोल्टेज की समस्याओं से किसानों को राहत दी जाए, बिजली के आ रहे अनाप-शनाप बिलों को तत्काल ठीक किया जाए आदि मांगों से को लेकर 1 महीने बाद बिजली विभाग खिलाफ महापंचायत करेगा।

इस मौके पर रमेश कसाना,उमेद एडवोकेट, जयप्रकाश नागर,मनोज नागर,जीतन नागर,हाशिम सैफी,मेहरबान अली,महेंद्र कसाना, प्रीतम सिंह,नैन सिंह, राजेश, सोनू योगी,सल्लन पहलवान,परवेज,प्रेम सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

हैप्पी पंडित बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा द्वारा अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गौतम बुद्ध नगर जनपद के वैदपुरा गांव निवासी युवा नेता हैप्पी पंडित को प्रदेश सचिव नामित किया है।

हैप्पी पंडित लंबे समय से समाजवादी पार्टी में राजनीतिक कर रहे हैं और उनकी गिनती जिले के मजबूत युवा नेताओं में होती है। पूर्व में वह समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष रह चुके है। वह समाजवादी पार्टी को छात्र और युवाओं के बीच मजबूत करने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उनके कर्तव्य निष्ठा और लगन को देखते हुए मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की प्रदेश कार्यकारिणी में हैप्पी पंडित स्थान मिलने से जिले में पार्टी पार्टी युवाओं के बीच में मजबूत होगी और वह पूरी ईमानदारी से अपने पद का निर्वाह करते हुए पार्टी से लोगों को जोड़ने का काम करेंगे।

इस मौके पर हैप्पी पंडित ने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान देकर पार्टी हाइकमान ने जो उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और समाजवादी पार्टी मजबूत बनाने के लिए पार्टी से अधिक से अधिक संख्या में छात्रों नौजवान को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे।

इस मौके पर युवजन सभा के जिला अध्यक्ष दीपक नगर यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह मौजूद रहे।

खामियां मिलने पर एसीईओ ने लगाई फटकार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने मंगलवार को जोन एक व तीन के अंतर्गत सेक्टर ईटा वन, बीटा वन, बीटा टू, बीटा स्टाफ कालोनी आदि सेक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां मिलीं। मसलन, सिर्फ लॉग बुक के आधार पर उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। एसीईओ ने नाराजगी जताते हुए उपस्थिति दर्ज करने के लिए पुख्ता मैकेनिज्म बनाने के निर्देश दिए। जल विभाग से जुड़े कार्यों के भुगतान से पूर्व जियो टैग फोटो सहित विजिट रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए। पंप हाउसों पर साफ-सफाई न होने और रिहायष के रूप में इस्तेमाल किए जाने से भी वे बहुत नाराज हुईं। एसीईओ ने सेक्टर ईटा टू स्थित पंप हाउस का भी निरीक्षण किया । परिसर में बडी-बडी झाडियां उगी होने और खराब हाईमास्ट लाइटों का ढेर मिलने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने इन खामियों को जल्द दूर करने के साथ ही सभी जल परिसरों को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। इन कार्यों में लापरवाही करने वालों पर उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्त्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा प्रयोगात्मक आधार पर रेलगाड़ी सं. 22425/22426 अयोध्या कैंट – आनन्द विहार (टर्मि.) – अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस को अलीगढ़ जं. पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन	समय सारणी		प्रभावी तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से
		आ०	प्र०	
22425 आनन्द विहार(टर्मि.)–अयोध्या कैंट वन्दे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)	अलीगढ़ जं.	21:33	21:35	16.08.2024 से
22426 अयोध्या कैंट–आनन्द विहार(टर्मि.) वन्दे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)		07:30	07:32	16.08.2024 से

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा–हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 2520/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०** : LJN- ADVT-09-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 07-08-2024 समय: 16:05 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 28-08-2024 समय: 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय** : 28-08-2024 समय: 13:40 बजे,, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है**: E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/वा०- 100

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

महत्त्वपूर्ण सूचना

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

15 अगस्त, 2024 को लाल किला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह–2024 के कारण प्रातः 6.45 बजे से प्रातः 09.00 बजे तक 2 घंटे 15 मिनट के लिए दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा के मध्य रेल यातायात अस्थायी तौर पर बन्द रहेगा। इसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :–

पुनर्निर्धारित /विनियमित (रोककर चलाई जाने वाली) रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी पुनर्निर्धारण/ विनियमित रहेंगी
18102 जम्मू तवी–टाटानगर एक्सप्रेस	दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी
12038 दिल्ली जं. - कोटद्वार सिद्धबली जनशताब्दी एक्स.	समारोह समापन के बाद 09:00 बजे चलेगी
15910 लालगढ़ - डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस	दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी
15484 दिल्ली जं.-अलीपुर द्वार सिक्किम महानन्दा एक्स.	समारोह समापन के बाद 08:50 बजे चलेगी
04401 दिल्ली जं. - सहारनपुर डीएमयू एक्सप्रेस स्पेशल	समारोह समापन के बाद 09:10 बजे चलेगी
12324 बाडमेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस	रेवाड़ी–दिल्ली जं. के बीच 60 मिनट विनियमित की जायेगी
04946 दिल्ली जं. - गाजियाबाद स्पेशल एक्सप्रेस	दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी
12225 आजमगढ़ - दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस	दिनांक 14.08.2024 को आजमगढ़ से 90 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी
14042 देहरादून - दिल्ली जं. मसूरी एक्सप्रेस	दिनांक 14.08.2024 को देहरादून से 70 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी
04404 सहारनपुर - दिल्ली जं. एमईएमयू एमईएक्स स्पेशल	समारोह समापन तक गाजियाबाद – दिल्ली शाहदरा के बीच विनियमित की जायेगी

15 अगस्त, 2024 को निरस्त रहने वाली रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या 04413 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04486 दिल्ली जंक्शन – साहिबाबाद स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04447 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 05000 शामली – दिल्ली जंक्शन स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04940 दिल्ली जंक्शन – गाजियाबाद ईएमयू निरस्त रहेंगी।

15 अगस्त, 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	परिवर्तित मार्ग
04091 खुर्जा – शकुरबस्ती एमईएक्स स्पेशल	साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज
04339 बुलंदशहर – तिलक ब्रिज एक्सप्रेस स्पेशल	साहिबाबाद – तिलक ब्रिज

15 अगस्त, 2024 को रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन, जहां रेलगाड़ी समाप्त होगी/प्रस्थान करेगी	स्टेशनों के बीच निरस्त
04401 दिल्ली जं.-शामली-सहारनपुर डीएमयू स्पेशल एक्स.	शामली पर	शामली - सहारनपुर
04402 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. डीएमयू स्पेशल एक्स.	शामली से	सहारनपुर - शामली
04288 दिल्ली जं.-अलीगढ़ एमईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस	गाजियाबाद से	दिल्ली जं. - गाजियाबाद
01622 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. स्पेशल एक्सप्रेस	दिल्ली शाहदरा पर	दिल्ली शाहदरा -दिल्ली जं.
01617 दिल्ली जं. - शामली स्पेशल एक्सप्रेस	दिल्ली शाहदरा से	दिल्ली जं.-दिल्ली शाहदरा
04931 अलीगढ़-दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस	गाजियाबाद पर	गाजियाबाद- दिल्ली जं.

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

2514/24 | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | सदैव आपकी सेवा में | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

अब अपने डॉगी का करें पंजीकरण, मित्रा ऐप पर हुआ लाइव

पंजीकरण निशुल्क, न कराने पर दो हजार की पेनल्टी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के निवासी अब अपने पालतू जानवरों (कुत्ता, बिल्ली आदि) का पंजीकरण करा सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पालतू जानवरों का पंजीकरण शुरू कर दिया है। पंजीकरण की सुविधा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मित्रा ऐप पर दी गई है। फिलहाल पंजीकरण निशुल्क है। पालतू जानवरों के पंजीकरण के लिए निवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार जनस्वास्थ्य विभाग को पालतू जानवरों (कुत्ता, बिल्ली आदि) का पंजीकरण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए थे। प्राधिकरण के एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। सीईओ की अगुवाई में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने पालतू जानवरों के पंजीकरण की सभी प्रक्रिया को पूरा करते हुए प्राधिकरण के मित्रा ऐप पर यह सुविधा शुरू कर दी है। अगर किसी नागरिक ने अभी तक मित्रा ऐप डाउनलोड नहीं किया है तो वे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। सीईओ के निर्देश पर फिलहाल पंजीकरण को निशुल्क रखा गया है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि पालतू जानवरों के पंजीकरण से दो लाभ मिलेंगे। पहला, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास पालतू जानवरों का डाटा आ जाएगा, जिससे किसी तरह की पॉलिसी बनवाने में मदद मिलेगी। दूसरा लाभ यह होगा कि पालतू जानवरों का वैक्सीनेशन हो जाएगा, क्योंकि पंजीकरण के लिए वैक्सीनेशन अनिवार्य है। ऐसे में अगर कोई पालतू जानवर किसी को व्यक्ति को काट लेता है तो उसे बड़ी बीमारी हो ने का खतरा नहीं रहेगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पालतू जानवरों को रखने वाले सभी नागरिकों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की है।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:-

04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04829		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04830	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	16:15	जोधपुर	04:00	--
04:30	04:45	दिल्ली जं.	13:50	14:00
20:50	--	गोरखपुर	--	23:25

चलने के दिन: 04829 जोधपुर से 15.08.2024 से 26.09.2024 (वीरवार) को और **04830 गोरखपुर** से 16.08.2024 से 27.09.2024 (शुक्रवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: मेड़ता रोड, डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू जं., सादुलपुर, लोहारू जं., महेन्द्र गढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या, मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा–हमारा ध्येय | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 2523/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खास खबर

संदीप पौंड्रिक ने इस्पात मंत्रालय में सचिव पद का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को इस्पात मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया है। उद्योग भवन में स्थित इस्पात मंत्रालय में पौंड्रिक का कार्यभार संभालने के मौके पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वे बिहार कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। इस्पात मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संदीप पौंड्रिक ने इस्पात मंत्रालय के सचिव के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। मंत्रालय के मुताबिक कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने देश में इस्पात क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

टाटा मोटर्स ने शुरू की विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति

मुंबई। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने घरेलू बाजार में विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही अब रेंज रोवर का पूरा खंड भारत में निर्मित हो गया है। जगुआर लैंड रोवर ने इस वर्ष मई में घोषणा की थी कि वह भारत में टाटा मोटर्स के पुणे संयंत्र में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का विनिर्माण करेगी। कंपनी के अनुसार पेट्रोल तथा डीजल दोनों इंजन में उपलब्ध नई रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत 1.40 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) है। जेएलआर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि हम स्थानीय रूप से निर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही, रेंज रोवर का पूरा खंड अब भारत में बना है। स्थानीय स्तर पर अब छह वाहनों का विनिर्माण किया जा रहा है।

आइनॉक्स को एवररिन्यू से मिला 51 मेगावाट का ठेका

नई दिल्ली। आइनॉक्स विंड को एवररिन्यू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड से 51 मेगावाट उपकरण आपूर्ति का ठेका प्राप्त हुआ है। कंपनी बयान के अनुसार आइनॉक्स विंड इसके लिए बहु-वर्षीय परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं भी देगी। यह ठेका आइनॉक्स विंड के नवीनतम तीन मेगावाट पवन टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) से उपकरण आपूर्ति से जुड़ा है। आइनॉक्स विंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम एवररिन्यू से 51 मेगावाट का ठेका पाकर खुश हैं। एवररिन्यू एक बड़ा ग्राहक है

विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

निवेशकों को 4.48 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा आज जम कर की गई बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया लेकिन सुबह 10 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण बाजार के दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.87 प्रतिशत और निफ्टी 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और ऑयल एंड गैस

इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर कंज्यूमर ड्युरेबल्स, फार्मास्यूटिकल और आईटी इंडेक्स में तेजी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 445.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.82 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.48 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,026 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,280 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,658 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 88 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,375 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 590 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,785 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर बढ़त के साथ और 21 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 96.41 अंक की कमजोरी के साथ 79,552.51 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत में खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 43.63 अंक की मजबूती के साथ 79,692.55 अंक तक पहुंचा लेकिन ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी।

रियलमी ने 4 मिनट में स्मार्टफोन चार्ज करने का किया चमत्कार

पंच संवाददाता

रांची। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नैक्स्ट जनरेशन की 320 वॉट चार्जिंग टेक्नोलॉजी पेश की, जो उद्योग में मानकों को बदल देगी। 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ पॉवर, सुरक्षा और एफिशियंसी में अत्याधुनिक प्रगति हासिल हुई है, जो फास्ट चार्जिंग को नई ऊँचाईयों पर ले जाएगी, और पूरे उद्योग में यूजर के अनुभव को बदल देगी।320 वॉट के अत्याधुनिक सुपरसोनिक चार्ज के अलावा रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज में नया स्मार्टफोन - रियलमी 13 सीरीज 5जी भी पेश किया है। रियलमी ने साफ कर दिया है कि नई नंबर सीरीज में ह्यापरफॉर्मेंसह्न पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह परिवर्तन उन ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है, जिन्हें अपने स्मार्टफोन में ज्यादा मल्टीटास्किंग क्षमता, बेहतर गेमिंग अनुभव और ओवरऑल रिस्पॉन्सिवनेस चाहिए। 4 मिनट का चमत्कारः

चार्जिंग अनुभव में अत्याधुनिक परिवर्तन 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ रियलमी ने फास्ट-चार्जिंग के क्षेत्र में एक और मानक स्थापित किया है। इससे पहले ब्रांड ने फरवरी 2023 में रियलमी जीटी3 के लॉन्च के साथ 240 वॉट का चार्जर पेश किया था। इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ने दुनिया में 320 वॉट की सबसे तेज चार्जिंग पेश की है। 320 वॉट का यह चार्जर दुनिया का सबसे तेज चार्जर है, जो स्मार्टफोन को केवल 4 मिनट 30 सैकंड में पूरा चार्ज करके एक जबरदस्त मानक स्थापित कर रहा है। यह 320 वॉट का चार्जर केवल एक मिनट में डिवाईस को 26 प्रतिशत क्षमता तक चार्ज कर देता है और 2 मिनट से कम समय में स्मार्टफोन 50 प्रतिशत से ज्यादा चार्ज हो जाता है।

एनआईआरएफ रैंकिंग में आईआईएफटी 12 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचा

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आईएफटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने शिक्षा मंत्रालय की जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में 12 स्थानों की छलांग लगाकर इस वर्ष 15वें स्थान पर पहुंच गया है। आईआईएफटी पिछले वर्ष की रैंकिंग में 27वें स्थान पर था, जबकि वर्ष 2022 में यह 24वें स्थान पर था। संस्थान की रैंकिंग में यह रिकॉर्ड सुधार है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि आईआईएफटी को इस

उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान जल्द ही एक विश्व स्तरीय संस्थान में बदल जाएगा, जो व्यापार और निवेश में भारत के प्रभावशाली विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भावी नेताओं को तैयार करने में आईएफटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वर्ष 2023 में 27वें स्थान से इस साल 15वें स्थान पर भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) दिल्ली ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2016 में एनआईआरएफ रैंकिंग की शुरूआत के बाद से भारतीय विदेश व्यापार संस्थान की रैंकिंग में यह रिकॉर्ड सुधार है। आईआईएफटी 2021 में 25वें, 2020 में 26वें और 2019 में 31वें, 2018 में 23वें, 2017 में 30वें और 2016 में 81वें स्थान पर था। देश में उच्च शिक्षण संस्थानों को वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर रैंकिंग देने के लिए 2016 में एनआईआरएफ की शुरूआत की गई थी, ताकि ऐसे संस्थानों में प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सके।

अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयरों में तेजी लौटी

एजेंसी

नई दिल्ली। अदाणी समूह की सूचीबद्ध 10 कंपनियों में से नौ के शेयरों में मंगलवार को शुरूआती कारोबार में तेजी देखी गई। सोमवार को इन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई थी। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में मंगलवार को तेज उछाल आया और यह छह प्रतिशत चढ़ा। अदाणी टोटल गैस के शेयर में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, एनडीटीवी में 2.56 और अदाणी ग्रीन एनर्जी में 2.55 प्रतिशत की तेजी आई। अदाणी विल्मर का शेयर 2.15 प्रतिशत, एसीसी का 1.93 प्रतिशत, अदाणी पावर का 1.74 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स का एक प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स का 0.43 प्रतिशत चढ़ा। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर

में शुरूआती कारोबार में मामूली गिरावट आई। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में सोमवार को गिरावट आई थी। हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात जारी अपनी नई रिपोर्ट में कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था। उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदाणी ने पैसों की हेराफेरी करने तथा समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था।

एंड पिक्चर्स पर शाहरुख खान की जवान के साथ मनाए आजादी का जश्न

एजेंसी

मुंबई। जहाँ पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए तैयार है, वहीं एंड पिक्चर्स शनिवार 17 अगस्त को रात 8 बजे सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक 'जवान' का प्रीमियर करने जा रहा है। यह प्रीमियर देशभक्ति और सामाजिक न्याय के अपने असरदार संदेश के साथ इस उत्साह को और बढ़ाता है। शाहरुख खान की 'जवान' एक ऐसी फिल्म है जो दिलों को छूती है - इसमें जज्बात, जुड़ाव और ड्रामा है। देशभक्ति की यह प्रेरक कहानी, न्याय और देश की अखंडता के लिए लड़ने के शाहरुख के किरदार के अटूट जज्बे को दर्शाती है। जवान सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और न्याय की अमर भावना का उत्सव है। शाहरुख खान द्वारा समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ लड़ने वाले बाप-बेटे की जोड़ी का चित्रण इस फिल्म की देशभक्ति की भावना का प्रमाण है।

ब्रिटेन की बीटी ग्रुप में हिस्सेदारी खरीदेगी भारती एंटरप्राइजेज

एजेंसी

नई दिल्ली। दिग्गज देसी कंपनी भारती एंटरप्राइजेज ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी बीटी ग्रुप में 24.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीद रही है और पहली किस्त खरीदी भी जा चुकी है। इससे भारती को ब्रिटेन के बाजार में अपनी पैठ बनाने में मदद मिलेगी। भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश इकाई भारती ग्लोबल ब्रिटेन की एल्टिस यूके से बीटी ग्रुप की 24.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। इस सौदे के बाद भारती बीटी समूह की सबसे बड़ी शेयरधारक हो जाएगी। कंपनी ने यह नहीं बताया कि सौदा कितने में हो रहा है। लेकिन लंदन

स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार बीटी गुप का बाजार पूंजीकरण 16.6 अरब डॉलर है। ऐसे में इस सौदे का मूल्य 4 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। बीटी ग्रुप ब्रिटेन में सबसे पहले दूरसंचार सेवा शुरू करने वाले ब्रांड और सरकारी एजेंसी ब्रिटिश टेलीकॉम की आधुनिक उत्तराधिकारी है। ग्राहकों की संख्या के हिसाब से यह ब्रिटेन की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है। मित्तल ने कहा कि भारती ग्लोबल के स्वामित्व वाली भारती टेलीवेंचर्स ने एल्टिस यूके के साथ बीटी ग्रुप में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए पुख्ता करार किया है। शेष 14.51 फीसदी हिस्सेदारी नियामक से मंजूरी मिलने के बाद ली जाएगी, जिसमें करीब 5 महीने तक लग सकते हैं। मित्तल ने स्पष्ट किया कि भारती एयरटेल इस सौदे में शामिल नहीं है और बीटी ग्रुप से दूरसंचार से जुड़ी या कोई दूसरी मदद उसे नहीं चाहिए। इसके बजाय भारती एंटरप्राइजेज ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) 5जी शोध एवं विकास और कोर इंजीनियरिंग को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया है, जहां रणनीतिक निवेश दोनों देशों के बीच दूरसंचार क्षेत्र में नए तालमेल बनाने में मदद करेगा। एल्टिस यूके ने 2021 और 2023 में बीटी में शेयर खरीदे थे और यह फ्रांस की दूरसंचार व मास मीडिया कंपनी एल्टिस यूरोप का हिस्सा है।

ब्रेनबीज साल्यूशन का आईपीओ एनएसई पर 651 पर लिस्ट

मुंबई। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की पैरेंट कंपनी ब्रेनबीज साल्यूशन के आईपीओ की लिस्टिंग ने सभी को चौंका दिया। कंपनी का स्टॉक 34 फीसदी से अधिक के प्रीमियम पर लिस्ट हुआ, जो 465 रुपये के इशू प्राइस के मुकाबले 625 रुपये पर सेटल हुआ। एनएसई पर यह 40 फीसदी के प्रीमियम के साथ 651 रुपये पर लिस्ट हुआ, जबकि बीएसई पर 34.4 फीसदी प्रीमियम के साथ 625 रुपये पर लिस्टिंग दर्ज की गई। फर्स्टक्राई का आईपीओ मंगलवार को बाजार की उम्मीदों के अनुरूप लिस्ट हुआ। लिस्टिंग से पहले ही ग्रे मार्केट ने ब्रेनबीज साल्यूशन के शेयरों की मजबूत शुरूआत का संकेत दिया था।

पृष्ठ एक के शेष....

बांग्लादेश की आज...

विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, बलवीर सिंह औलख, विधायक योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, अनूप गुप्ता, उमेश द्विवेदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद रहे।

मेट्रो रेल में महिला....

शारीरिक छेड़छाड़ शुरू कर दी। कोमल के मुताबिक उन्होंने युवक की हरकत का विरोध करते हुए शोर मचाया जिस पर मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों ने उनके साथ दिया और आरोपी युवक को दबोच लिया। इस दौरान युवक ने बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर भीड़ के चंगुल से भागने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। महिला अधिवक्ता द्वारा फोन करने पर उनके पति व देवर भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पकड़े गए युवक को थाना सेक्टर-39 लेकर आए और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम गोपाल कुमार पुत्र भोलाराम निवासी सीतामढ़ी बिहार है। आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद से लोगों का कहना है कि सभी मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के बावजूद इस तरह की घटना होना चिंताजनक है।

जिओमार्ट के दो...

निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी दयाल राम ने स्टोर में पैसे जमा नहीं कराए। प्रबंधन द्वारा जब उसे फोन किया गया तो उसने अपना फोन बंद कर लिया और गायब हो गया।

पवन आसानी ने बताया कि उनकी ही कंपनी के रिलायंस ट्रेड के ज्वेलरी काउंटर में नौकरी करने वाला महेंद्र कंपनी से 68000 रूपये के आभूषण लेकर फरार हो गया। प्रबंधन ने उसे आभूषण लौटने को कहा तो उसने साफ इनकार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

घर के बाहर खड़ी...

उसकी बाइक ले जाता हुआ दिख रहा है। इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-22 ई ब्लॉक में रहने वाले अमित कुमार के घर के बाहर से उसकी स्कूटी चोरी हो गई।

थाना सूरजपुर में सुधीर कुमार बरनवाल ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुधीर कुमार ने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा के उद्योग विहार स्थित एक कंपनी में काम करता है। 6 अगस्त को उसने अपनी बाइक कंपनी के बाहर खड़ी की थी। शाम के समय जब वह ड्यूटी खत्म कर बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-116 से डिलीवरी बॉय की स्कूटी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

बता दें कि जिले में वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। आए दिन वाहन चोर लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं।

दामादों ने ससुराल...

आस-पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मनोज के मुताबिक पूर्व में उनकी गर्भवती बेटी के साथ इस कदर मारपीट की गई थी उसका अस्पताल में गर्भपात हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

हमारे देश की शान है तिरंगा झंडा : श्रीचंद

ग्रेटर नोएडा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज तिरंगा यात्रा अभियान के तहत लखनावली स्थित सीआरपीएफ कैंप से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस मौके पर सीआरपीएफ के आईजी के.एम. यादव, डीआईजी अशोक सम्याल, डीआईजी रेंज एस. दिनाकरन तथा सीओ अवधेश कुमार ध्यानी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा एवं भाजपा नेता लोकमन प्रधान को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है और आज पूरे देश के हर घर में तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा लहराया जा रहा है।

इस अवसर पर लखनावली गांव के पूर्व प्रधान प्रकाश प्रधान, देव नागर, प्रेमचंद शर्मा, गोपाल शर्मा, चेतन शर्मा, नितिन शर्मा,

शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा, भाजपा नेता लोकमन प्रधान, लखनावली के पूर्व प्रधान प्रकाश प्रधान को सीआरपीएफ के आईजी द्वारा सम्मानित किया गया।

गौरव प्रधान, अरुण प्रधान, शेखर शर्मा, कविता शुक्ला, मधु मयंक आदि लोगों ने तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता लोकमन प्रधान ने तिरंगा यात्रा का स्वागत करते हुए तिरंगे की विशेषता को लोगों से सांझा किया।

श्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डिजिटल हेल्थ केयर का प्रोत्साहन जरूरी : डॉ. डी.के. गुप्ता

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में यूपी हेल्थ समिट का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस समिट में देश भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और छात्रों ने भाग लिया। समिट का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास और चुनौतियों पर चर्चा करना था।

इस अवसर पर फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डीके गुप्ता ने डिजिटल हेल्थ केयर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे तकनीकी प्रगति ने चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न

पहलुओं, जैसे टेलीमेडिसिन, ई-हेल्थ रिकॉर्ड्स, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ा रही हैं, बल्कि इन सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार कर रही हैं। उन्होंने टेलीमेडिसिन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करने के फायदे और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में डिजिटल तकनीक की भूमिका पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मरीजों के ई-हेल्थ रिकॉर्ड्स को डिजिटल रूप में संग्रहीत करने के फायदों पर भी बात की, जिससे चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता और तेजी में वृद्धि हो सकती है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024

इंडिया एक्सपो सेंटर तक ले जायेगी इलेक्ट्रोनिक बसें, जाम में नहीं फंसेंगे दर्शक

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उददेश्य से आयोजित किए जाने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को इस वर्ष खास बनाया जाएगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड-शो में आने वाले दर्शकों को बदलते उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक होगा।

'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण 2024 को पहले से अधिक सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के खेल, युवा मामलों, एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, हस्तकरघा और वस्त्र विभागों के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में क्क इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। यह आयोजन 25 से 29 सितंबर 2024 तक होना निर्धारित है। समीक्षा बैठक में गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के सीईओ सुदीप सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार, FIEO और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के उच्च अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने दूसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं और नए विचारों को बैठक के दौरान साझा किया, जिनमें मोबिलिटी, ट्रैफिक प्रबंधन, सांस्कृतिक प्रदर्शन, परिवहन और ब्रांडिंग जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने वेन्यू तक आसान आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती और विशेष बिंदुओं से नियमित अंतराल पर परिवहन की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक जाम से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आस-पास के जिलों के आरडब्ल्यूए और शैक्षणिक संस्थानों को भी शामिल करने का सुझाव दिया।

इंडिया एक्सपोमार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने सभी सुझावों को लागू करने का आश्वासन दिया, और इस आयोजन को दर्शकों पर स्थायी प्रभाव छोड़ने वाले एक प्रमुख आयोजन के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये प्रयास UPITS को एक प्रमुख स्वदेशी सोर्सिंग मेले के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगे, जो अंतरराष्ट्रीय सोर्सिंग मेलों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस आयोजन से उत्पन्न होने वाले वास्तविक व्यवसाय की निगरानी की जाएगी, ताकि आयोजन की विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके।

गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी ने UPITS 2024 के लिए एक व्यापक प्रचार अभियान का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य पिछली संस्करणों की तुलना में अधिक उपस्थिति और सफलता हासिल करना है।

खास खबर

टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा यूटीटी में नहीं खेलेंगी

चेन्नई । भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला चोटिल हो गई हैं। श्रीजा ने पेरिस ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। श्रीजा चोटिल होने के कारण अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग (यूटीटी) से भी बाहर हो गयी हैं। इससे उनकी टीम जयपुर पैट्रियट्स बाहर हो गयी हैं। श्रीजा और मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी। श्रीजा विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान के साथ ही भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। श्रीजा को यूटीटी में जयपुर पैट्रियट्स टीम में रखा गया था। वहीं अपने एक बयान में इस खिलाड़ी ने कहा है कि उसे अभी छह सप्ताह आराम करना होगा। श्रीजा ने कहा, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ है। इस कारण मुझे डॉक्टर की सलाह पर छह हफ्ते आराम करना होगा। इससे मैं यूटीटी में नहीं खेल पाउंगी।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा 23 अगस्त से

इन्दौर । ताइक्वांडो इंडिया द्वारा आगामी 23 से 25 अगस्त तक स्थानीय नेहरू स्टेडियम में ताइक्वांडो की राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के लगभग 700 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के संयोजक विश्वामित्र अवार्डी वीरेंद्र पंवार के अनुसार राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, आसाम, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश सहित कई अन्य राज्यों की टीमों की सहमति मिल गई है। प्रतियोगिता में सभी केटेगरी सबजूनियर, केडेट, जूनियर, सीनियर एवं फ्रेशर वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के लिए उच्चस्तर की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश व अन्य राज्य से आने वाले खिलाड़ियों व आफिशियल्स के लिए भोजन व आवास की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज से अलग होंगे जॉनी ग्रेव्स

नई दिल्ली। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के लंबे समय से सीईओ रहे जॉनी ग्रेव्स ने संगठन से नाता तोड़ लिया है। वह अक्टूबर के अंत तक सीडब्ल्यूआई छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, ₹यह सही समय है कि कोई नया व्यक्ति नई ऊर्जा के साथ संगठन का नेतृत्व करे और इस महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखे तथा मौजूदा मजबूत नींव पर काम करे। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि वह अगले सीईओ का चयन करने के लिए एक व्यापक भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। ग्रेव (48), जो फरवरी 2017 से इस पद पर हैं, ने क्रिकबज को बताया, ₹मैं चाहता था कि मैं सीडब्ल्यूआई को गवर्नेंस रिफॉर्म पर और अधिक प्रगति करने और वेहबी रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने में मदद कर पाता, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक न्यायसंगत मॉडल के साथ आईसीसी स्तर पर अधिक प्रगति कर पाता और विशेष रूप से जमीनी स्तर पर क्रिकेट के लिए सीडब्ल्यूआई को नया राजस्व लाने के लिए और अधिक काम कर पाता, जो वेस्टइंडीज में खेल के दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

19वीं राष्ट्रीय स्पीड-फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप आज से

▶ 12 राज्यों के स्केटर्स लेंगे हिस्सा

एजेंसी

गुरुग्राम। भारत की सबसे प्रतिष्ठित आइस स्केटिंग प्रतियोगिता, 19वीं राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप, 14 अगस्त 2024 को गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में स्थित आईस्केट बाय रोजेट में शुरू होने जा रही है। यह चैंपियनशिप आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसएआई) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, और इसमें देशभर के शीर्ष एथलीटों का एकत्रण होगा, जो बर्फ पर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।इस वर्ष की चैंपियनशिप में केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, राजस्थान, लद्दाख (यूटी), और जम्मू और कश्मीर (यूटी) सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भागीदारी होगी। प्रतिष्ठित स्केटर्स जैसे प्रियम टेटेड, हर्षिता रावतानी, जतिन शेरावत और तारा प्रसाद के अलावा, भारतीय-अमेरिकी फिगर स्केटिंग की दिग्गज, अमी पारिख, भी इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय रंग भरेंगी।

19वीं राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप में एक सुव्यवस्थित प्रारूप का पालन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों में स्पीड स्केटिंग और फिगर स्केटिंग श्रेणियां शामिल होंगी।

चैंपियनशिप से पहले, 8 अगस्त से 13 अगस्त 2024 तक एक राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग कैंप आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य एथलीटों के कौशल को निखारना और प्रतियोगिता के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाना था। चैंपियनशिप 14, 16 और 17 अगस्त 2024 को आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन इंटरनेशनल स्केटिंग यूनियन (आईएसयू) के छह न्यायाधीशों द्वारा किया जाएगा। फाइनल 17 अगस्त 2024 को निर्धारित है, जिसमें भारतीय फ्रीस्टाइल रेसलर और 2012 समर ओलंपिक्स कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके अलावा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह भी इस मौके पर उपस्थित होंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्राप्त होंगे, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं, पहले रनर-अप और दूसरे रनर-अप को पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

18वीं राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले, जहां तमिलनाडु की तारा प्रसाद और तेलंगाना के वैष्णव नायर ने फिगर स्केटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि महाराष्ट्र के सुमित तपकीर और स्वारली अश्वतोष देव ने शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में दबदबा बनाया। हरियाणा ने कुल पुरस्कारों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उसके बाद तेलंगाना का स्थान रहा।

दलीप ट्रॉफी में खेलते दिखाई देंगे कोहली और रोहित

एजेंसी

नई दिल्ली। टीम इंडिया को अपनी अगली इंटरनेशनल सीरीज 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ खेलनी है। उससे पहले कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के दलीप ट्रॉफी में खेलने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसमें भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी नाम की चार टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति इन टीमों का चयन करेगी और इसमें कई स्टार खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। दलीप ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट के करीब सभी बड़े नाम नजर आ सकते। कोहली और रोहित एक-एक मैच में नजर आ सकते हैं। चयनकर्ता चाहते हैं कि सभी प्रमुख खिलाड़ी इसमें मैदान पर उतरे। शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, यशस्वी जयसवाल, सूर्यकुमार यादव, और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को भी दलीप ट्रॉफी खेलने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और वह इस टूर्नामेंट में नहीं खेलने वाले है। इस बार दलीप ट्रॉफी जोनल फॉर्मेट में नहीं खेली जाएगी। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति चार टीमें भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी का चयन करेगी। टूनामेंट का आयोजन आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में होना है। हालांकि यहां एयरपोर्ट नहीं है और स्टार खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेने की सहमति जाहिर की है। इस स्थिति में बीसीसीआई अब एक राउंड बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराने की योजना बना रहा है। ईशान किशन को दलीप ट्रॉफी के लिए चुनने जाने की पूरी उम्मीद है। बात दें कि चयन समिति चाहती है कि अगर किशन भारतीय टीम में वापसी करना चाहते हैं, तब उन्हें रेड बॉल से क्रिकेट खेलना शुरू करना होगा। पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी न खेल पाने के कारण ईशान और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई ने कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया था।

विराट के बचाव में उतरे दिनेश कार्तिक

एजेंसी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे में विफल रहे थे। विराट इस दौरे में स्पिनरों के सामने रन बनाने में विफल रहे और एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। ऐसे में ये कहा जाने लगा कि स्पिन के सामने उनकी बल्लेबाजी की कमजोरी उभर गयी है। वहीं अब विराट की आईपीएल टीम आरसीबी के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने कहा है कि ये पिच सभी बल्लेबाजों के लिए कठिन थी। कार्तिक ने कहा कि पिच बीच के ओवरों में काफी कठिन थी। उन्होंने कहा कहा कि इस पिच पर विराट ही नहीं रोहित शर्मा और अन्य बल्लेबाजों को भी मुश्किलें हुईं। उन्होंने हालांकि कहा, हालांकि, चिंता की कोई बात नहीं है। बहुत ज्यादा पिचें इस तरह से काम नहीं करती हैं पर यहां स्पिनरों को खेलना कठिन रहा है। साथ ही कहा कि मैं यहां विराट का बचाव नहीं करने जा रहा हूं पर यहां स्पिन खेलना वास्तव में कठिन था। वहीं दूसरी ओर श्रीलंकाई स्पिनर महीश तीक्ष्णा ने माना था कि पिच से मिल रहे टर्न से उनकी टीम को लाभ हुआ। । तीक्ष्णा ने कहा- भारतीय बल्लेबाज अपनी धरती पर अच्छे विकेट और छोटी बाउंड्री पर खेलते हैं।

नीदरलैंड ने स्वर्ण जीतने के मामले में जर्मनी ब्रिटेन और इटली को भी पीछे छोड़ा

एजेंसी

पेरिस । पेरिस ओलंपिक में केवल एक करोड़ 77 लाख आबादी वाले देश नीदरलैंड का प्रदर्शन शानदार रहा है। नीदरलैंड ने 15 स्वर्ण के साथ ही कुल 34 पदक जीतकर अंकतालिका में छठा स्थान हासिल किया। 40 स्वर्ण पदक के साथ एक बार फिर अमेरिका शीर्ष पर रहा। वहीं चीन के भी नाम 40 स्वर्ण थे पर अमेरिका के मुकाबले रजत कम होने से वह वह दूसरे स्थान पर रहा। ओलंपिक में नीदरलैंड के 273 खिलाड़ी उतरे थे। उन्होंने 15 स्वर्ण के अलावा 7 रजत और 12 कांस्य पदक हासिल किये। उसे नौकायन में सबसे ज्यादा 4 स्वर्ण मिले। साइकलिंग में 3 जबकि एथलेटिक्स, हॉकी और सेलिंग में नीदरलैंड को 2-2 स्वर्ण मिले। बास्केटबॉल और तैराकी में भी उनके एथलीटों ने स्वर्ण जीते।

वहीं पेरिस ओलंपिक में जर्मनी ने 428 खिलाड़ी जबकि ब्रिटेन ने 327 और इटली ने 402 एथलीट उतारे थे। इसके बाद भी नीदरलैंड स्वर्ण के मामले में इनसे आगे रहा। नीदरलैंड का ये ओलंपिक में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 15 स्वर्ण भी देश ने इससे पहले ओलंपिक में कभी नहीं जीते थे। क्षेत्रफल के मामले में नीदरलैंड विश्व में 134वें नंबर पर आता है। आबादी के मामले में वह 68वें नंबर पर है। इसके बाद भी ओलंपिक में छठे नंबर पर रहा।

जॉर्ज वर्कर ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्कर, जिन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना पेशेवर करियर शुरू किया और ऑकलैंड के साथ समाप्त किया, ने एक बयान में कहा, पेशेवर क्रिकेट में 17 साल के शानदार सफर के बाद, मैं खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। यह निर्णय मेरे जीवन के एक अविश्वसनीय अध्याय के अंत और एक नए रोमांच की शुरूआत का प्रतीक है, अपने करियर के दौरान, मैंने कुछ बेहतरीन दोस्ती बनाई है जो जीवन भर चलेंगी, साथ ही ऐसी यादें हैं जो मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। वर्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम समय बिताया, 2015 से 2018 के बीच उन्होंने दस वनडे और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 272 और 90 रन बनाए।

2024 में सबसे ज्यादा छक्के यशस्वी जायसवाल ने मारे

▶ 19 पारियों में यशस्वी के बल्ले से 42 छक्के निकले

एजेंसी

नई दिल्ली । हम आपको आज 2024 में अभी तक इंटरनेशनल मैचों में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज के बारे में बताते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में 2024 में सबसे ज्यादा छक्के यशस्वी जायसवाल ने मारे हैं। 14 मैच की 19 पारियों में यशस्वी के बल्ले से 42 छक्के निकले हैं।

टी20 वर्ल्ड कप के दौरान उन्हें भारत के लिए एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। छक्कों के रिकॉर्ड में रोहित शर्मा का नाम नहीं हो, ऐसे नहीं हो सकता। रोहित ने इस साल अभी तक 25 पारियों में बल्लेबाजी की है। भारतीय कप्तान ने इस दौरान 38 छक्के मारे हैं। उन्होंने 45 की औसत से 2024 में 990 रन बनाए हैं। हॉन्गकॉन्ग के बाबर हयात का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। उन्होंने 2024 में सिर्फ 15 पारियों में बैटिंग की है। इस दौरान 417 रन बनाए हैं। इन रनों में 216 सिर्फ छक्के से आए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से सिर्फ 15 ही चौके निकले। अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस साल कमाल की बैटिंग की है। अपनी टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल तक ले जाने में उनका अहम योगदान था। 25 पारियों में गुरबाज अभी तक 36 छक्के मार चुके हैं।

क्रिकेट में आपने शायद पहले कभी केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग का नाम सुना भी नहीं होगा। केंडल जापान के लिए खेलते हैं। अभी तक 2024 में उन्होंने 12 मैच केले हैं और 159 की स्ट्राइक रेट और 48 की औसत से 529 रन ठोक चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 34 छक्के जड़े हैं। बता दें कि टी20 आने के बाद क्रिकेट का खेल काफी तेजी से बदला है। बल्लेबाज आक्रामक होते जा रहे हैं। गेंदबाज भी बचने के नए नए तरीके लेकर आते हैं। हालांकि इसके बाद भी ज्यादा पिच बल्लेबाजों को ही मदद देती है। जब पिच में गेंदबाजों के लिए ज्यादा मदद होती है तो उनकी क्वालिटी खराब बता दी जाती है। यही वजह है कि आज टेस्ट क्रिकेट में भी खूब छक्के चौके देखने को मिलते हैं।

महिला पहलवान प्रीति कुमारी को मिला गोल्ड मेडल

▶ सचिवालय में मिली नौकरी,संघ ने किया सम्मानित

एजेंसी

सहरसा। अंडर 23 सीनियर पुरुष व महिला कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 11 अगस्त को खेल परिषद् कैंपस खेल भवन मे आयोजित किया गया।खेल समापन के उपरांत जिले के जांबाज महिला पहलवान प्रीति कुमारी 59 किलो ग्राम में बिहार के 5 महिला पहलवान को पटकनी देकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।प्रीति कुमारी लगातार पांचवी बार हरियाणा के झज्झर में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसमें बिगत साल ब्रांज मेडल नेशनल प्रतियोगिता में प्राप्त किया था। इसी आधार पर आजादी के बाद जिले के प्रथम कुश्ती खिलाड़ी खेल कोटे के आधार पर सचिवालय में प्रिती कुमारी को बिहार सरकार द्वारा पैनल लिस्ट बनाकर नौकरी सुनिश्चित कर दिया गया है,जो जिले का प्रथम इतिहास लिखा जायेगा। प्रीति कुमारी को बिहार कुश्ती संघ के महासचिव विनय कुमार सिंह गया जिला अध्यक्ष अमरकांत सर द्वारा सम्मानित किया गया।इस ऐतिहासिक क्षण के मौके पर सहरसा कुश्ती संघ के अध्यक्ष नितेंद्र प्रताप नन्हे, संरक्षक डॉ बिजय शंकर,डॉ बरुण कुमार,डा शैलेन्द्र कुमार, डा राकेश कुमार,डा रवि, डा आर के सिंह,व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चौधरी,वरीय अधिवक्ता संतोष कुमार दत्ता, जितेन्द्र सिंह चौहान,संघ के तमाम पदाधिकारी साथ ही जिले के तमाम संघ ने प्रिती कुमारी,जिला सचिव हरेंद्र सिंह मेजर को हृदयतल से? हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।

भारतीय टीम विश्व हॉकी रैंकिंग में पांचवें स्थान पहुंची

एजेंसी

लुसाने । भारतीय हॉकी विश्व रैंकिंग में पांचवे नंबर पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक मिलने से रैंकिंग में लाभ हुआ है। पेरिस ओलंपिक के बाद जारी नई विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दो स्थान का लाभ हुआ है जबकि पहले वह सातवें स्थान पर थी। वहीं एफआईएच प्रो लीग के समाप्त होन के बाद भारत को सातवां स्थान मिला था क्योंकि उसका अभियान अच्छा नहीं रहा था। भारत ने पेरिस ओलंपिक के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और उसे केवल 2 मैच में ही हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने 5 मैच जीते। इससे उसे 2848.67 अंक मिले और वह ऑस्ट्रेलिया से ऊपर 5वें स्थान पर पहुंच गया।

पुरुषों की विश्व रैंकिंग में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड 3168 अंक के साथ ही रैंकिंग में पहले नंबर पर है। वहीं जर्मनी ने 3035 अंक लेकर अच्छा प्रदर्शन किया और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं इंग्लैंड 2973, बेल्जियम 2959 और भारत 2849 अंक लेकर शीर्ष 5 स्थानों पर हैं। जर्मनी के दूसरे नंबर पर पहुंचने से इंग्लैंड भी अपनी ओलंपिक-पूर्व रैंकिंग से एक स्थान नीचे गिरकर तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि भारत ओलंपिक में लगातार दूसरे कांस्य पदक के बाद अंतर को पाटते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष-5 में पहुंच गया है।

ओलंपिक में पहली बार भारत ने किसी एक खेल में तीन पदक जीते

एजेंसी

पेरिस । पेरिस ओलंपिक 2024 में इस बार भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा। इसमें भारत को तीन पदक मिले। वहीं एक पदक भाला फेंक और एक कुश्ती में मिला। निशानेबाजी में मनु भाकर ने दो पदक जीते। ऐसा कर वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके बाद सरबजोत के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य जीता। वह 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में भी पहुंचीं पर पदक नहीं जीत पायीं। भारत को पहले तीन पदक निशानेबाजी से ही मिले। मनु के साथ स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीता। भारत ने इससे पहले कभी भी खेलों के किसी भी संस्करण में एक खेल में तीन पदक नहीं जीते थे। लंदन 2012 ओलंपिक में निशानेबाजी में 2 पदक आए थे। भारत ने पहली बार 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में भी पदक जीता।

भारत ने निशानेबाजी के अलावा एथलेटिक्स , तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, घुड़सवारी, गोल्फ, हॉकी, जूडो, रोइंग, नौकायन, तैराकी, कुश्ती, टेबल टेनिस और टेनिस सहित 16 खेलों में भाग लिया। एथलेटिक्स में भारत ने सबसे अधिक 29 सदस्यीय टीम को भेजा था।

वहीं भाला फेंक में भारत के नीरज चोपड़ा इस बार वह 89.45 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक ही जीत पाये। नीरज एथलेटिक्स में भारत के लिए दो पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ीहैं। वह भारत के ओवरऑल 5वें एथलीट हैं जिन्होंने दो ओलंपिक पदक जीते हैं। इससे पहले नॉर्मन प्रिचर्ड, सुशील कुमार, पीवी सिंधु और मनु भाकर ने ये उपलब्धि हासिल की थी।

भारत ने 52 साल बाद हॉकी में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-1 से हराया और पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। टोक्यो में हॉकी में कांस्य पदक विजेता भारत ने म्यूनिख 1972 के बाद 52 वर्षों में पहली बार हॉकी में लगातार ओलंपिक पदक जीते। भारत अब हॉकी में 13 पदक हासिल कर चुका है। ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ परिणाम धीरज बोम्मदेवरा और अंकिता भक्त ने मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहकर दिलाया।लक्ष्य सेन ने ओलंपिक बैडमिंटन में भारतीय पुरुषों के लिए नई राह बनाई। लक्ष्य सेन ओलंपिक में पुरुष बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय शटलर बने। मनिका बत्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं।



मांट्रियल में एकल खिताबी मुकाबले के विजेता एलेक्सी पोपरिन ट्रॉफी के साथ नजर आ रहे।

स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए अपनाएं ये तरीके

बच्चे से लेकर बड़ों तक लोग अक्सर अपना ज्यादातर समय अपने फोन या लैपटॉप पर बिताने लगे हैं। ऐसे में चलिए जानें स्क्रीन टाइम को कम करने का आसान तरीका।

आज के समय में ज्यादातर लोग अपना ज्यादा से ज्यादा समय सेलफोन, टीवी, लैपटॉप पर बिताने लगे हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। बता दें कि लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने से सिरदर्द जैसी समस्या भी होती हैं। अगर आप भी इन चीजों से बचना चाहती हैं तो आपको अपने स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

समय बनाएं

आपको समय बनाना होगा कि आपको कितनी देर सेलफोन, टीवी, लैपटॉप पर बिताना है। इसके अनुशार आप आसानी से अपना स्क्रीन टाइम को कम कर सकते हैं। अगर आपको ऐसा लगता है कि आपको समय का पता नहीं लग रहा है तो इस स्थिती में आपको फोन में रिमाइंडर लगा देना चाहिए।

ब्रेक टाइम में फोन ना करें इस्तेमाल

आपका अगर लंच ब्रेक है तो इस समय आपको फोन को नही छूना चाहिए। कई लोग 1 घंटे के ब्रेक में खाना खाते समय भी फोन का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में उन्हें समझ नहीं आता और उनका स्क्रीन टाइमबढ़ जाता है। ब्रेक टाइम पर आपको अपने दोस्तों के साथ समय बिताना चाहिए।

रात में फोन ना करें इस्तेमाल

रात में सोने के समय आपको अपना फोन टेबल पर रख देना चाहिए। ना तो आपके हाथ में फोन होगा और ना ही आप इसका इस्तेमाल कर पाएगी। कई लोग पूरी रात फोन का इस्तेमाल करते हैं जिसके कारण उन्हें आखों में दर्द जैसी समस्या हो जाती है।

कैसे सेलेक्ट करें अपने लिए बेस्ट क्रेडिट कार्ड

क्रेडिट कार्ड की मदद से कई सारी सुविधाएं मिलती हैं लेकिन अगर कोई भी क्रेडिट कार्ड बिना सोचे-समझे खरीद लिया जाए तो काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में क्रेडिट लेते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। अगर आप क्रेडिट कार्ड सेलेक्ट करने जा रही हैं तो जानिए वो स्मार्ट तरीके जिससे आप अपने लिए बेस्ट क्रेडिट कार्ड चुन सकती हैं और अपनी जरूरतों को पूरा कर सकती हैं।

नियमों को जानें

आपकोक्रेडिट कार्डलेने से पहले सिर्फ लाभ को देखकर ही सेलेक्शन नहीं करना चाहिए क्योंकि कई बार लोग जल्दबाजी में क्रेडिट कार्ड ले लेते हैं और फिर बाद में उन्हें बैंक के द्वारा लगाए जा रहे अन्य चार्ज के बारे में पता चलता है जिससे नुकसान भी होता है इसलिए क्रेडिट कार्ड से जुड़े हुए नियमों और शर्तों को सही से चेक करना बहुत जरूरी होता है।

ब्याज दर के बारे में जानकारी

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल आजकल लाखों लोग करते हैं लेकिन क्रेडिट कार्ड लेने से पहले अगर आप उसकी ब्याज दर के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखेंगी तो इससे आपको बाद में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। फाइनेंस एक्सपर्ट का कहना है कि ब्याज दर एक बहुत इंपॉर्टेंट फेक्टर होता है और हर क्रेडिट कार्ड के साथ उसका ब्याज दर तय रहता है। इसे एनुअल परसेंट रेट भी कहा जाता है यह आपके बैंक के द्वारा ही निर्धारित होता है इसलिए आपको क्रेडिट कार्ड लेने से पहले इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि आपको यह पता रहे कि यह चेंज होगा या निश्चित ही रहेगा।

सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी

आपको सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी भी पूरी तरह से होनी चाहिए कई सारे बैंक अपने क्रेडिट कार्ड पर लेनदेन पर कैशबैक देने के साथ-साथ अन्य कई सारी सुविधाएं भी देते हैं जिनके बारे में आपको पूरी जानकारी होनी चाहिए। इनेंस एक्सपर्ट राहुल का कहना है कि कई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर आपको ऑनलाइन सर्विसेज जैसे ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग, फ्री फ्लाइट टिकट्स के अलावा भी फायदा मिलता है जैसे आपको फ्यूल पेमेंट करने पर फ्यूल सरचार्ज नहीं देना पड़ता है और कई सारी चीजों में डिस्काउंट और कैशबैक भी मिलता है लेकिन कई बार बैंक आपको इन सभी सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं देता है ऐसे में आपको खुद से भी बैंक से क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले बेनिफिट के बारे में पता होना चाहिए ताकि आप इसका फायदा उठा सकें।

क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने से पहले जरूर ध्यान रखें ये सभी बातें

क्रेडिट कार्ड की मदद से शॉपिंग करते वक्त लोगों को कई तरह के लाभ मिलते हैं लेकिन कई बार कुछ लोग अपने ही क्रेडिट कार्ड से बिना कुछ सोचे समझे कैश निकाल लेते हैं और इस वजह से उन्हें बाद में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी क्रेडिट कार्ड से कैश निकालना चाहते हैं तो पहले इससे जुड़ी हुई इन बातों को जरूर समझ लीजिए।

पैसे चुकाने पड़ेंगे

आपको बता दें कि अगर आप क्रेडिट कार्ड से कैश निकालते हैं तो आपको हर दिन का चार्ज देना पड़ेगा। साथ ही आपको यह भी बता दें कि अगर आप किसी काम के लिए क्रेडिट कार्ड का यूज करते हैं तो इसके लिए आपको ब्याज के बिना ही इसके पैसे भरने होते हैं लेकिन अगर आप क्रेडिट कार्ड का यूज कैश निकालने के लिए करते हैं तो आपको इसका एक्स्ट्रा ब्याज देना पड़ता है जो काफी ज्यादा होता है इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि क्रेडिट कार्ड से कैश ना निकालें।

जाने बैलेंस ट्रांसफर के बारे में

सबसे पहले आपको बता दें कि बैलेंस ट्रांसफर का मतलब होता है कि अगर आप एक क्रेडिट कार्ड से किसी दूसरे क्रेडिट कार्ड का भुगतान करते हैं। ऐसा करने से आपका सिबिल स्कोर भी खराब हो सकता है क्योंकि आप चेन की तरह एक कार्ड से दूसरे बिल का पेमेंट करते हैं और फिर दूसरे से तीसरे का बिल पेमेंट। आपको बता दें कि यह आपको एक परेशानी में भी डाल सकता है इसलिए इस तरह से कभी भी आपको बैलेंस ट्रांसफर नहीं करना चाहिए।

कितना निकाल सकते हैं आप कैश

हर कार्ड होल्डर की एक प्रोफाइल के हिसाब से कार्ड की लिमिट तय होती है जिससे यह भी पता चलता है कि आप कितना पैसा निकाल सकते हैं। ज्यादातर क्रेडिट कार्ड की लिमिट 40 परसेंट तक के कैश को निकालने की होती है। इसके अलावा जितनी राशि बची होती है उसको आप भुगतान के लिए यूज कर सकते हैं। इस प्रकार से आपको यह जानकारी रहती है कि कितना कैश निकाल सकते हैं। साथ ही आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आप जब कोई बहुत बड़ी इमरजेंसी हो तभी आप क्रेडिट कार्ड से कैश निकालें क्योंकि अगर आपके बैंक अकाउंट में पैसे नहीं हैं तो क्रेडिट कार्ड से आप भुगतान कर सकते हैं लेकिन फिर आपको जल्द से जल्द क्रेडिट कार्ड का पैसा पेमेंट कर देना चाहिए ताकि किसी तरह की समस्या आपको ना झेलनी पड़े।

एक्सपर्ट से जानें अपने घर के लिए बजट प्लान करने का सही तरीका

अगर आप अपने घर के लिए सही तरह से बजट प्लान करना चाहती हैं तो आप एक्सपर्ट से जान सकती हैं कि बजट प्लान करने का सही तरीका क्या है।

आपने कई बार ऐसा नोटिस किया होगा किया होगा कि आप हर माह अपने खर्चों में भी काफी कटौती करती हैं लेकिन फिर भी महीने के आखिर तक आते-आते पैसे खत्म हो जाते हैं और सेविंग्स भी नहीं हो पातीं। घर-परिवार की इमरजेंसी की जरूरतों और भविष्य को देखते हुए महिलाओं के लिए बचत करना बहुत जरूरी है। अगर आप अपने घर के लिए बजट प्लान करने का सही तरीका जानना चाहती हैं।

खर्चों के बारे में जानें

अगर आप अपने घर का बजट बना रही हैं तो सबसे पहले आपको बजट बनाने में सबसे पहले अपने बड़े और जरूरी खर्चों की लिस्ट बना लेनी चाहिए। जैसे आपको मकान का किराया, बिजली का बिल, बच्चों की स्कूल फीस और घर का राशन आदि खर्चों के बारे में एक जगह लिख लेना चाहिए। अगर आप इनके बारे में एक जगह लिस्ट बना लेती हैं तो इससे आपको हर माह यह पता रहेगा कि कौन से खर्चों का आपको हर माह जरूर ध्यान रखना है। इसके साथ-साथ आपको यह भी ध्यान रखना चाहिए कि छोटी-छोटी बचत आप किस तरह से कर सकती हैं। इससे आपकी अच्छी सेविंग्स होगी और बजट मजबूत बन पाएगा।

स्मार्ट गोल बनाएं

अगर आप किसी ट्रिप का प्लान कर रहे हैं या फिर घर में किसी की शादी है तो आपको पहले से उसके लिए प्लानिंग करनी चाहिए। इससे आपके माह के बजट पर बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। आपको अपने बजट को ध्यान में रखकर स्मार्ट गोल बनाने चाहिए। इसमें आप अपने कार का लोन, बेटी की शादी के लिए निवेश, प्रॉपर्टी खरीदना आदि को शामिल कर सकती हैं। आप किसी एप की मदद से भी अपने इन स्मार्ट गोल को ट्रैक कर सकती हैं।

रेगुलर खर्चों को जानें

आपको अपने रेगुलर खर्चों को सही से समझना होगा। जैसे अगर आप रोज ऑटो या बस से ऑफिस जाती हैं तो ट्रांसपोर्ट के खर्च को इसमें शामिल करके हिसाब लगाएं। आपको अपने रेगुलर खर्चों को एक डायरी में लिखना चाहिए। चार से पांच महीने के तमाम खर्चों की स्टडी करने के बाद ये बात आपको क्लीयर हो जाएगी कि कौन से खर्चे जरूरी हैं और कौन से ऐसे खर्चे हैं जिन पर कंट्रोल किया जा सकता है। इसके साथ-साथ आप इन खर्चों पर कंट्रोल भी कर पाएंगी और हिसाब को लगा पाएंगी।

वेस्ट चीजों से क्रिएटिव आइडिया अपनाएं और अपने गार्डन को खूबसूरत बनाएं

प्रकृति से प्यार करने वालों के लिए गार्डन सिर्फ फूल-सब्जी उगाने की जगह नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा मायने रखता है। ये वो जगह है जहां आकर वे अपनी सारी परेशानियां भूल कर सुकून के पल बिताते हैं। तो न क्यों इस खास जगह को सजा कर इसे और भी रिलेक्सिंग बनाया जाएं। वैसे भी रंग-बिरंगे फूलों से और पौधों से सजा गार्डन यूं भी खूबसूरत ही लगता हैं, अपने घर के गार्डन को खूबसूरत बनाने के लिए आप खूब सारे पैसे खर्च करते हैं। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे आइडियाज देने वाले हैं जिसके बाद आपके घर के गार्डन में चार-चांद लग जाएंगे और आपके पैसे भी नहीं वेस्ट होंगे।

हमारे घर में बहुत सारी चीजें वेस्ट पड़ी रहती हैं। वेस्ट चीजों से क्रिएटिव आइडिया अपनाएं और अपने गार्डन को खूबसूरत बनाएं

आपके घर में वाइटवाश के दौरान कई ऐसे पेंट्स के खाली डिब्बे वेस्ट पड़े होंगे जिनकी आपकी नजर में कोई वैल्यू नही है। लेकिन आप अपने क्रिएटिव माइंड का प्रयोग करेसे इसे साफ करके उन पर कलर फूल पेंट कर लीजिए। फिर इसमें कोई फूल या पैदा लगा दीजिये। और अपने गार्डन में रख दीजिये। मार्केट से तो सभी गमले खरीदते है लेकिन आपकी ये क्रिटिविटी आपके गार्डन को तो न्यू लुक देगी ही साथ ही आपकी क्रिटिविटी की भी तारीफ होगी। सभी के घर में छोटे बच्चे होते है और बच्चों वाले घरों में ऐसी कई सारी गाड़ियां और खिलौने घर में धूल फांक रहे होंगे या स्टोर रूम में पड़े होंगे। उनकी धूल साफ करिए और उस पर छोटे-छोटे पौधे उगाइए।

सबसे ज्यादा वेस्ट मटेरियल हमारे किचन से ही निकलता है। जैसे कप, प्लेट, गिलास, थाली, कटोरी, टूटे किचन के सिंक आदि। इनको किचन से बाहर करें, लेकिन कबाड़ी को न दे कर, इन्हें अपने गार्डन में जगह दे। उससे पहले आप इन बर्तनों को कुछ स्टाइल दे कर सजाएं, अपने मनपसंद रंग से रंगकर इन्हें इस्तेमाल करें। आपके घर में पुराने बॉक्स जरूर होंगे, जिन्हें आप इस्तेमाल नहीं करते होंगे, आप उन्हें अच्छी तरह से साफ करके उसका ढक्कन हटा लें, बाहर की साइड से उस पर पेंट कर दें। फिर उसमें मिट्टी भर कर पौधा लगाएं। उसे आप अपने घर के गार्डेन में सजा कर कुछ इस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

आपके घर में कार, स्कूटर के वेस्ट टायर पड़े होंगे। पुराने टायर्स भी आपके प्लांटेशन के डेकोरेशन में काम आते हैं। इन टायरों को गमले के रूप में इस्तेमाल कर सकते है। टायरों में मिट्टी भर दें। फिर उनमें किसी तरह के पौधे या फ्लॉवर लगाएं या आप अपने गार्डन में उनका इस्तेमाल कलरफुल पेंट्स से करें। इसे चाहे तो आप अपने गार्डन में बैठने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमे बस आपको थोड़ी क्रिटिविटी करनी पड़ेगी।

आप अपने घर की पुरानी साइकिल को घर से निकल कर गार्डन की शोभा बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप अपने हिसाब से पेंट करिए और सजा दीजिए अपने गार्डेन में। कलर का इस्तेमाल आप अपनी चॉइस के अनुसार करे और दे अपने गार्डन को बेस्ट लुक।

आप अपने घर की टूटी कुर्सी, बाल्टी, मघ, बोतल का भी इस्तेमाल अपने गार्डन में कर सकती है। छोटी चीजों पर छोटे पौधें और बड़ों पर बड़े पौधे लगा कर अपने गार्डन की शोभा बढ़ाएं। आप अपने पुराने जूते और सैंडल्स का भी गार्डेन में इस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। ये जूते चप्पल आपके गार्डन की खूबसूरती बढ़ा देंगे। इसे आप हैंगिंग पॉट की तरह इस्तेमाल करें। इसमें अलग-अलग तरह के फ्लॉवर उगाकर गार्डन में लगे पेड़ों या फिर घर की बालकनी में सजा सकते है, जो मिनी गार्डन को अट्रैक्टिव लुक देंगे।

कोकोनट शेल को भी डिफरेंट लुक्स दे कर उसमें प्लांट्स ग्रो किए जा सकते हैं। ये देखने में बिलकुल अलग और बहुत खूबसूरत लगते हैं। अगर आप इन चीजों को अपना कर अपने गार्डन को इतना खूबसूरत बना देंगी तो हर कोई आपकी क्रिएटिविटी की ही तारीफ करेगा, और सिर्फ यही क्यों आप अपने क्रिएटिव माइंड से और भी तरीके निकालकर अपने घर के गार्डेन को खूबसूरत बना सकते हैं।



सना मकबूल के साथ अपने रिश्ते पर नैजी ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री सना मकबूल बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा रहीं और उन्होंने विजेता का खिताब भी अपने नाम किया। बिग बॉस ओटीटी 3 जीतने के बाद से ही सना लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। शो में उनका करीबी रिश्ता रैपर नैजी के साथ देखने को मिला। शो में उनके बीच की बॉन्डिंग देखने लायक थी। उन्होंने इस दौरान एक दूसरे को पूरा समर्थन दिया। दिलचस्प बात यह रही कि इन दोनों दोस्तों के बीच ही बिग बॉस ओटीटी 3 का फाइनल मुकाबले भी हुआ। हालांकि, नैजी को हराकर सना ने टॉफी जीत ली, बावजूद इसके शो के बाहर भी नैजी के साथ सना की दोस्ती पूरी तरह से बरकरार है। शो के दौरान कई बार ये अटकलें लगाई गई कि नैजी सना को पसंद करते हैं। वहीं अब नैजी ने सना के साथ अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है।

दरअसल, सना मकबूल की शादी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी और कहा कि जब वे शादी करेंगी तो शानदार पार्टी देंगी। इससे पहले सना का नाम उनके कथित बॉयफ्रेंड श्रीकांत के साथ जुड़ रहा था, लेकिन उन्होंने अपना रिश्ता साफ करते हुए बताया कि वे रिलेशनशिप में नहीं हैं, बल्कि वे दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी शादी की योजना भी साझा की। उन्होंने कहा की शादी की खबरें चल रही हैं, लेकिन यह कैसे फैली उन्हें पता नहीं। वहीं दूसरी ओर नैजी और सना का नाम भी सोशल मीडिया पर जोड़ा जा रहा है, जिस पर नैजी ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वे सना की शादी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। सना के लिए अपनी भावनाओं को स्पष्ट करते हुए नैजी ने कहा कि मैं सना की शादी में क्यों नहीं जाऊंगा, मैं जरूर जाऊंगा, क्योंकि वह मेरी दोस्त की शादी है। मैं हमेशा अपने करीबी दोस्तों की शादियों में शामिल होता रहा हूं, इसलिए सना मकबूल की शादी में शामिल होना मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है।

सना के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नैजी ने कहा कि हाल ही में अनलकी वाली टिप्पणी जानबूझकर की गई थी और मजाक में कही गई थी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में सना के लिए कोई और इरादा नहीं है और सना के इरादे भी नेक हैं। हम अच्छे दोस्त हैं और हमेशा अपनी यह दोस्ती बनाए रखेंगे। इससे पहले नैजी ने सना की शादी की खबर सुनकर कहा था कि वे सना के लिए खुश हैं और थोड़े बदकिस्मत भी हैं। उन्होंने सना को जीवन भर के लिए अपना सच्चा दोस्त बताया और कहा कि उनके बॉयफ्रेंड की मौजूदगी से उनकी दोस्ती पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इन फिल्मों में अपना जलवा बिखेरेंगी मालविका मोहनन

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री मालविका मोहनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थंगलान' के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। मालविका अपनी अदाकारी और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह दर्शकों और आलोचकों दोनों के ही दिलों पर राज करती हैं।

मालविका मोहनन की पाइपलाइन में कई परियोजनाएं हैं। वह तेज गति के साथ फिल्म उद्योग में आगे बढ़ रही हैं। मालविका ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। आज हम अभिनेत्री के आगामी फिल्मों के बारे में जानेंगे, जिनका प्रशंसक बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।

थंगलान

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची में 'थंगलान' सबसे ऊपर आता है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में मालविका अभिनेता चियान विक्रम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म से प्रशंसकों को काफी उम्मीद है।

राजा साब

मालविका पैन इंडिया फिल्म 'राजा साब' में सुपरस्टार अभिनेता प्रभास के साथ रोमांटिक भूमिका में नजर आएंगी। प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' ने हाल ही में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। 'राजा साब' से प्रभास का रोमांटिक और स्टाइलिश लुक भी सामने आ चुका है।

युद्रा

मालविका की आगामी फिल्मों की सूची में 'युद्रा' भी शामिल हैं। वह इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। फिल्म में 'किल' अभिनेता राघव जुयाल भी अपनी भूमिका अदा करते हुए दिखेंगे।

सरदार 2

प्रिंस पिक्चर्स ने कल आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि मालविका मोहनन 'सरदार 2' के कलाकारों में शामिल होंगी। यह फिल्म साल 2022 की 'सरदार' की सीक्वल है। 'सरदार' में अभिनेता कार्थी ने अभिनय किया था। अब वह 'सरदार 2' अपनी भूमिका दोहराते हुए नजर आएंगे। फिल्म में एसजे सूर्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। वहीं, राशि खन्ना और मुनीशकांत और अन्य कलाकारों को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं आई है।



शलभ के लिए कहीं ज्यादा मायने रखता है मेरा बर्थडे

काम्या पंजाबी टीवी की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने नेगेटिव किरदारों से लेकर पॉजिटिव रोल्स के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह अपना 45वां जन्मदिन सेलिब्रेट करेंगी। इस मौके पर उन्होंने बताया कि उनका बर्थडे उनके परिवार वालों के लिए ज्यादा मायने रखता है। अपने जन्मदिन के बारे में काम्या ने कहा, मेरा जन्मदिन मेरे परिवार के लिए, खास तौर पर मेरे पति के लिए, मुझसे ज्यादा मायने रखता है। हर साल, हम सेलिब्रेट करते हैं। वह मुझे सरप्राइज देते हैं, चाहे मैं चाहूं या न चाहूं। काम्या खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हैं कि उनके पास बहुत अच्छे दोस्त और बेहतरीन कजिन हैं। एक्ट्रेस कहा, हम हमेशा खास मौकों का आनंद उठाते हैं। मेरे बर्थडे पर हमेशा कुछ यादगार होता है। वह रेजोल्यूशन लेने के लिए किसी खास दिन का इंतजार नहीं करती। काम्या ने कहा, मैं रेजोल्यूशन लेने के लिए बर्थडे या नए साल का इंतजार करने वालों में से नहीं हूं। जब भी मुझे लगता है कि सही समय है, मैं कदम उठाती हूं। मैं हर दिन लाइफ को एन्जॉय करती हूं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद करती हूं। एक्ट्रेस इन दिनों इश्क जबरिया में मोहिनी के किरदार में नजर आ रही हैं। अपने बर्थडे प्लान के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, इस साल, मैं अपने इश्क जबरिया टीम के साथ सेट पर बर्थडे सेलिब्रेट करने का प्लान बना रही हूं। घर पर कोई भी सेलिब्रेशन मेरी शूटिंग के बाद होगा। ये छोटे-छोटे पल इस साल मेरे बर्थडे को खास बना देंगे और मैं हर चीज के लिए आभारी हूं। इश्क जबरिया गुलकी की कहानी है, जो एयर होस्टेस बनना चाहती है, लेकिन सौतेली मां उसके सपने में सबसे बड़ी रुकावट बनकर खड़ी हैं। कलाकारों में सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना भी लीड रोल में हैं।

इस दिन रिलीज होगी विक्रांत मैसी-दीपक डोबरियाल की सेक्टर 36



अभिनेता विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल अपनी आगामी फिल्म सेक्टर 36 से दर्शकों को मनोरंजन कराने वाले हैं। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, इसकी कहानी बेहद ही दिलचस्प बताई जा रही है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में आज यानी 12 अगस्त को मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर साथ करते हुए इसकी रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 13 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। सेक्टर 36 एक स्थानीय झुग्गी बस्ती से कई बच्चों के गायब होने की भयावह कहानी को दिखाएगी, जो एक सच्चे पुलिस अधिकारी को सच्चाई खोज में लगा देती है। यह फिल्म अपराध, सत्ता और सामाजिक असमानता के गहरे पानी में गोता लगाती है। इसकी कहानी एक पुलिस अधिकारी की चालाक सीरियल किलर के साथ लड़ाई है।

प्रेमालु से दिल जीतने के बाद अब दलपति 69 में दिखेंगी ममिता बैजू!

मलयालम अभिनेत्री ममिता बैजू की फिल्म प्रेमालु ने सिनेमाघरों में आते ही लोगों को चौंका दिया था। किसी ने नहीं सोचा होगा कि फिल्म टिकट खिड़की पर तूफान मचाने वाली है। लगभग 10 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 131.18 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। प्रेमालु की सफलता के बाद से ममिता के सितारे भी बुलंद हो गए हैं और अब उनके सुपरस्टार विजय के साथ भी काम करने की चर्चा चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तमिल फिल्म इंडस्ट्री में चर्चा है कि ममिता बैजू अब दलपति विजय के साथ बड़े परदे पर दिखाई देंगी। ममिता को विजय की मुख्य भूमिका वाली फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया है। यह विजय की 69वीं फिल्म हो सकती है, जिसका अस्थाई शीर्षक दलपति 69 रखा गया है। ममिता का किरदार कैसा होगा, इसे लेकर भी काफी कुछ कहा जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ममिता को विजय की बहन की भूमिका में देखा जाएगा। फिलहाल ये सब चर्चा ही है और आधिकारिक एलान के बाद ही पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी, लेकिन इतना जरूर है कि दर्शक ममिता और विजय को एक साथ देखने के काफी उत्सुक है। दलपति 69 का निर्देशन एच विनोद करेंगे। इसका निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा किया जा सकता है। इस फिल्म में कमल हासन के भी काम करने की चर्चा है और इस पर भी आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। विजय की आने वाली फिल्म की बात करें वो जल्द ही द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम में नजर आएंगे। इसे 05 सितंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा।

फिल्मों की आलोचनाओं से कैसे निपटते हैं अक्षय

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म अक्की के साथ वाणी कपूर, तापसी पन्नू, एमी विर्क और फरदीन खान समेत कई सितारे नजर आएंगे। बॉक्स ऑफिस पर लंबे वक्त से अक्षय कुमार की फिल्में असफल साबित हो रही हैं। हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह अपनी फिल्मों के लिए मिलने वाली आलोचनाओं से कैसे निपटते हैं। अक्षय कुमार ने एक बातचीत के दौरान कहा, इंसान का बैकग्राउंड क्या है, उसने जीवन में क्या किया है? यह एक व्यक्तिगत आलोचना है, जहां लोग व्यक्तिगत हो जाते हैं। एक वह इंसान होता है जो चाहता है कि दूसरा व्यक्ति बेहतर हो, जो वह अपने दिल से कह रहा होता है। इसलिए मुझे वह पसंद है, जिसे मैं बहुत सही तरीके से लेता हूं। मैंने आलोचना के कारण भी कई बदलाव किए हैं। मैं जब सही आलोचना सुनता हूं और इसे समझता हूं, तो वो करता भी हूं।

इस कारण सलमान के साथ काम नहीं करना चाहते हैं निखिल

निखिल आडवाणी अपनी अगली फिल्म वेदा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वेदा 15 अगस्त को सिनमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में फिल्म की पूरी टीम प्रमोशन में बिजी है। निखिल ने हाल ही में फिल्म निर्माण की अपनी प्रक्रिया के बारे में बात की। इसके साथ ही अपने करियर के दौरान कई सितारों के साथ काम करने के बारे में अपने विचार साझा किए। सलमान खान के साथ काम करने पर उन्होंने कहा कि उनके साथ बॉक्स ऑफिस का दबाव हमेशा बना रहता है, जिससे वह दूर रहना चाहते हैं। सलमान खान और निर्देशक निखिल आडवाणी ने सलाम-ए-इश्क और हीरो जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। हाल ही में एक बातचीत में निखिल से जब पूछा गया कि उन्होंने सलमान खान के साथ अधिक बार काम क्यों नहीं किया। इस पर उन्होंने कहा कि उनका और सलमान का रिश्ता बहुत मजबूत है, लेकिन इतने बड़े स्टार के साथ हिट फिल्म देने का दबाव एक बड़ी चिंता है। उन्होंने कहा, सलमान खान की फिल्मों को 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करनी होती है। अगर उनकी फिल्में इससे कम कमाई करती हैं, तो उन्हें बहुत बुरा लगता है और मैं यह बोझ नहीं उठाना चाहता। मैं रात को चैन की नींद सोना चाहता हूं। मुझे 300-400 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्म बनाने का बोझ नहीं उठाना चाहता। मैं वही फिल्में बनाना चाहता हूं, जो मैं बनाना चाहता हूं। मैं सलमान से प्यार करता हूं। वो मेरे मसीहा हैं। निर्माता ने कहा कि उनके फोन पर सलमान का आपातकालीन संपर्क के लिए नंबर है। निखिल आडवाणी ने कहा, मेरे पास एक विकल्प है कि आपात स्थिति में, कृपया कॉल करें। सलमान मेरे लिए मेरी कॉन्टैक्ट लिस्ट में यही हैं। मुझे पता है कि वह सब कुछ छोड़कर आ जाएंगे। भले ही वह सबसे बड़ा एक्शन सीन कर रहे हों, अगर कोई उन्हें बुलाता है, तो वह कहेंगे कि मैं जाऊंगा, यह मुश्किल में है। वह इंडस्ट्री के मसीहा हैं। मगर मैं 300-400 करोड़ रुपये का तनाव नहीं लेना चाहता। अगर ऐसा होता है, तो बढ़िया है, लेकिन मैं वह तनाव नहीं चाहता। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर की शूटिंग में बिजी हैं। मुंबई में शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो गया है।

फिर आई हसीन दिलरुबा के लिए देखा सीरियल किलर टेड बंडी का इंटरव्यू



अभिनेता सनी कौशल इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में वे तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी के साथ नजर आए हैं। दर्शकों और समीक्षकों से उन्हें उनके अभिनय के लिए तारीफे भी मिल रही हैं। वहीं इस बीच अब उन्होंने खुलासा किया है कि कैसे उन्होंने फिल्म में अपने किरदार को निभाने के लिए तैयारी की थी। सनी इस कड़ी में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने फिर आई हसीन दिलरुबा में अपनी भूमिका की तैयारी के लिए अमेरिका के दो सबसे कुख्यात सीरियल किलर टेड बंडी और जेफरी डेहमर के साक्षात्कार देखे। फिल्म में सनी ने अभिमन्यु की भूमिका निभाई है, जो तापसी पन्नू के किरदार रानी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करता है, साथ ही उसके पति रिशु यानी विक्रांत मैसी का किरदार भी उसका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करता है, जो छिपकर रह रहा है। इस बारे में बात करते हुए सनी ने कहा कि मैंने टेड बंडी और डेहमर के कुछ साक्षात्कार देखे। उनमें एक सामान्य विशेषता यह थी कि उन्होंने कभी नहीं सोचा कि वे जो कर रहे हैं, वह गलत है। अभिमन्यु भी कुछ हद तक ऐसा ही था। सनी ने फिल्म में तापसी, विक्रांत और जिमी शेरगिल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने तापसी पन्नू को हवा की तरह बताया और कहा कि उनकी अच्छी दोस्ती हो गई। वहीं, विक्रांत के बारे में बात करते हुए सनी ने कहा कि वे उन्हें उनकी फिल्म 12वीं फेल आने से पहले से ही फॉलो करते हैं। इसके साथ ही सनी ने जिमी शेरगिल की तारीफ करते हुए कहा कि वे बहुत अच्छे अभिनेता हैं और बहुत हैंडसम हैं, जब वे सेट पर आए तो विक्रांत और सनी उन्हें ही देख रहे थे। फिर आई हसीन दिलरुबा 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

'तिरंगा यात्रा' ने कण-कण में जगा दी देशभक्ति की अलख

डीएम ने हाथ में थामा तिरंगा, स्कूली छात्रों के साथ निकाली यात्रा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश शासन की योगी सरकार के निर्देशों पर प्रदेश में घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 13 से 15 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जनपद में विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंगलवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूली बच्चों की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिस तिरंगा यात्रा को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया, उसमें शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं के.सी.एस. इंटर कॉलेज के लगभग 1500 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर सूरजपुर गोल चक्कर के रास्ते सूरजपुर तिराहे से होते हुए शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज एवं के.सी.एस. इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भेरपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

उ.प्र. युवा व्यापार मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

नोएडा (चेतना मंच)। 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' की मुहिम को देशव्यापी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की प्रादेशिक टीम ने नोएडा के कण-कण मे देश भक्ति की अलख जगा दी। नोएडावासियों ने देशभक्ति के नारे लगा लगाकर पूरे माहौल को तिरंगामय बना दिया। नोएडा के सेक्टर-40 से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ एसीपी फर्स्ट प्रवीण कुमार ने यात्रा को झंडी दिखाकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी परवीन कुमार ने इस मौके पर कहा कि देश भक्ति का ऐसा जज़्बा युवाओं में ही हो सकता है। ऐसे वीर युवाओं को देखकर आज़ादी के वीर सपूतों

की याद आती है जिन्होंने इस देश की रक्षा करने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश का युवा प्रेरणादायक है।

प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने कहा कि हमारा देश ना जाने कितने वीर सपूतों की वजह से आज़ाद हुआ है। आज उन्हीं की वजह से हम आज़ाद भारत में जीवन जी रहे हैं। इस तिरंगा यात्रा से आज सभी को यह संदेश दिया गया है कि हमें हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाना है।

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि ये देश सभी वीर जवानों का कर्जदार हैं। इस

तिरंगा यात्रा से हमारा एक ही मक़सद है कि हम सब एक हो जाएं और देश को विश्व विजेता बनाएं।

महिला मंडल की अध्यक्ष निधि सहाय, महिला प्रभारी वंदना गुप्ता व उद्योग प्रकोष्ठ से अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने भी मौजूद लोगों को संबोधित किया।

तिरंगा यात्रा में आर.एस. मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों से कार्यक्रम में समा बाँध दिया।

प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने बताया कि यात्रा सेक्टर-40 नोएडा से शुरू होकर सेक्टर-45 छलेरा बोटेनिकल गार्डन जीआईपी मॉल, सेक्टर-18 अट्टा मार्किट से निकलेगी। कार्यक्रम में अग्रवाल मित्र मंडल, भारत विकास परिषद, लॉयन्स क्लब, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, फोनरवा, श्री श्याम सेवक परिवार, हरियाणा परिवार, ब्राह्मण महासभा, युवा क्रांति सेना, गो सदन, नोएडा सांवरिया सेवा परिवार, लव कुश रामलीला व अन्य अनेक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नवनीत गुप्ता चेयरमैन प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन निखिल अग्रवाल परवीन गर्ग सचिन गोयल मनीष शर्मा शिवा चौहान भारत बंसल अमित गोयल मोहन लाल गुप्ता रघुनाथ सिंह कानपुर से कपिल सबरवाल संजय टंडन सुधीर गुप्ता सुभास गर्ग राजेश जिंदाल एडवोकेट विकल गुप्ता विनय जैन अंकुर बंसल रवि चौहान रघुनाथ सिंह पंकज अग्रवाल कुलदीप गुप्ता अनुज गुप्ता सचिन चतुर्वेदी मोहन लाल गुप्ता नरेश बंसल लघु अग्रवाल संदीप गुप्ता जय मंत विवेक अग्रवाल हिमांशु मित्तल ज्ञान चंद अग्रवाल नवीन अग्रवाल दीपक गर्ग ने मोतीलाल करण ग्रोवर सुंदर यादव अंकित गुप्ता सकते सिंह प्रदीप सिंह निधि सहाय वंदना गुप्ता कविता लोढ़ा पूजा गर्ग अर्चना आनंद दीपिका श्रेया मंजु बबीता व सूची गुप्ता, रवि शर्मा सुरेश बंसल विनोद शर्मा तुषार बंसल विनीत राहुल शर्मा तेज़ सिंह अंकित गोयल आशीष मोहित संदीप गुप्ता योगेश अजय मुकेश गर्ग बुलंदशहर लोकेश कुमार ओम सिंगल डिस्ट्रीब्यूट एसोसिएशन से राजेश जिंदल 27 दावेदार अशोक राजीव प्रदीप रवी महकार सिंह भारत भूषण वरुण रिंकू व रविंदर पंडित आगरा से मानक शंकर सुनील धवन मथुरा से हिमांशु गुप्ता दिनेश अग्रवाल भारती ग़ाजियाबाद से अंकित गुप्ता मोदीनगर से ललित कुमार हापुड़ से निशु अग्रवाल मिर्ज़ापुर से प्रशांत अगर हरी बनारस से विकास खंडेलवाल आदि पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

प्राधिकरण के जल विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा

नोएडा (चेतना मंच)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक उत्तर प्रदेश के हर जिले में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग की ओर से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए।

नोएडा प्रधिकरण की ओर से मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा सेक्टर-65 जल विभाग के कार्यालय से शुरू हुई, जो करीब दो किलोमीटर तक निकाली गई। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल और जीएम आरपी सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें प्राधिकरण के सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि यात्रा सेक्टर-65 जल विभाग से शुरू होकर, आसपास के सेक्टर में भ्रमण कर वापस जल विभाग के कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान कर्मचारियों ने भारत माता की जय लगाए और अमर शहीदों को याद किया। यात्रा के दौरान कोई परेशानी ना हो, इसके लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा।

भाजयुमो के नेतृत्व में निकली तिरंगा बाइक रैली

नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में नोएडा स्टेडियम के गेट नं0-4 से तिरंगा यात्रा निकाली जो विभिन्न सेक्टरों में घूमते हुए स्टेडियम पर समाप्त हुई। 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा को नोएडा विद्यायक पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी मोहित बेनीवाल तथा राज्य सभा सांसद श्रीमती कांता कर्दम ने हरी झंडी देकर रवाना किया।

रैली में मौजूद लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए और देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस तिरंगा यात्रा में बैंड के साथ लोगों ने तिरंगा हाथ में लिए देशभक्ति के नारे लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

इस मौके पर नोएडा विद्यायक पंकज सिंह ने देश के वीर जवान शहीदों को याद करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी शान है। आज इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अ मोहित बेनीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस मुहिम पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है. जगह-जगह तिरंगा यात्रा भी निकाली जा रही है। इस अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने देश को एक सूत्र में पिरो दिया है और देश भक्ति की भावना हर बच्चे बच्चे में आज देखने को मिल रही है।

इस यात्रा में महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल यादव, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, गिरजा सिंह, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, महेश अवाना, मंत्री चमन अवाना, भाजयुमो अध्यक्ष राम निवास यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमवीर अवाना, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौर, पंकज झा, तुषार गोयल, शहरी विकास मोर्चा अध्यक्ष प्रसेनजीत मैत्रा, प्रदीप चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, किसान मोर्चा केप्रदेश मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, सुचित्रा कक्कड़, पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

एसीईओ ने की आईजीआरएस पर लंबित शिकायतों की समीक्षा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने आईजीआरएस

पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

एसीईओ ने सभी विभागों को आईजीआरएस पर लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से फोन पर फीडबैक लेने को भी कहा। एसीईओ ने कहा है कि आईजीआरएस पर लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय से निस्तारण करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र दिया जाएगा और शिकायतों के निस्तारण में डिफॉल्ट करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार, महाप्रबंधक आरके देव, एसडीएम जितेंद्र गौतम, ओएसडी एनके सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक आरए गौतम, चेतराम सिंह, राजेश कुमार, मनोज सचान, विजय बाजपेई व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नोएडा के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में गाड़े झंडे, झटके 16 पदक

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा शहर के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने नया रिकॉर्ड बनाया है। डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में नोएडा के खिलाड़ियों ने एक-दो नहीं बल्कि पूरे 16 पदक हासिल किए हैं। 16 पदक हासिल करने वाले सभी बॉक्सिंग खिलाड़ी नोएडा स्टेडियम में स्थापित शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी हैं। नोएडा के बच्चों को बॉक्सिंग में निपुण बना रहे शहीद भगत सिंह एकेडमी के कोच प्रीतम टोकस का कहना है कि जल्दी ही नोएडा के खिलाड़ी बॉक्सिंग में विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ेंगे।

हाल ही में सम्पन्न हुई डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शहीद भगत सिंह एकेडमी के खिलाड़ियों ने 16 पदक हासिल किए हैं। नोएडा के इन खिलाड़ियों 8 गोल्ड मेडल, 4 सिल्वर मेडल तथा 4 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। प्रतियोगिता में सब-जूनियर श्रेणी के अंतर्गत अभी कर्मा ने गोल्ड मेडल जीता है। जूनियर श्रेणी में ईशान, मोरिश, विवान तथा राज ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। युवा वर्ग में संजली, अतुल यादव, लवीश, अनुज तथा प्रिन्स ने गोल्ड मेडल जीता है। सीनियर श्रेणी

में रवि ने गोल्ड मेडल, ध्रुव पंत तथा शुभोनीत ने सिल्वर मेडल, जय यादव ने गोल्ड मेडल, सूरज ने कांस्य पदक तथा हर्षित ने सिल्वर मेडल जीतकर नोएडा का नाम रोशन किया है। शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग एकेडमी का संचालन प्रसिद्ध बॉक्सर तथा कोच प्रीतम टोकस करते हैं।

श्री टोकस ने बताया कि उनकी एकेडमी में अनेक खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्दी ही नोएडा के बॉक्सिंग खिलाड़ी विश्व स्तर पर बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com